दैनिक हिन्दी अख़बार

सच बेधड़क

वर्ष: 2 | अंक: 88 | जयपुर, शुक्रवार, 10 मार्च, 2023 | चैत्र, कृष्ण पक्ष- तृतीया, विसं 2079 | पृष्ठ: 10 | मूल्य: 2.00

www.sachbedhadak.com | twitter.com/sachbedhadak | facebook.com/sachbedhadak | YouTube: youtube.com/@sachbedhadak | Instagram: instagram.com/sach_bedhadak

जरूरी खबर

पंचतत्व में विलीन हास्य अभिनेता सतीश कौशिक

मुंबई। फिल्म अभिनेता सतीश कौशिक का अंतिम संस्कार गुरुवार को मुंबई में कर दिया गया। इस दौरान उन्हें श्रद्धांजलि देने के लिए बॉलीवुड के कई कलाकार और फैंस पहुंचे। इसके पहले सतीश कौशिक के पार्थिव शरीर को अंतिम दर्शन करने उनके आवास पर कई कलाकार पहुंचे थे। इनमें सलमान खान, शिल्पा शेट्टी, अर्जुन कपूर, अनुपम खेर, सिकंदर खेर, बोनी कपूर, शहनाज गिल, फरहान अख्तर, जावेद अख्तर जैसे नाम शामिल हैं। कौशिक की पार्थिव देह दिल्ली में पोस्टमार्टम के बाद मुंबई लाई गई थी। उनका निधन गुरुग्राम में हुआ था।

आखिर ईडी ने किया सिसोदिया को गिरफ्तार

नई दिल्ली। ईडी ने दिल्ली आबकारी नीति में कथित अनियमितता से संबंधित धन शोधन के आरोपों को लेकर गुरुवार को आप नेता और दिल्ली के पूर्व उपमुख्यमंत्री मनीष सिसोदिया को गिरफ्तार कर लिया। सूत्रों ने कहा कि उन्हें को पीएमएलए के तहत तिहाड़ जेल में दूसरे दौर की पूछताछ के बाद गिरफ्तार किया गया। जांच एजेंसी ने आरोप लगाया कि सिसोदिया अपने जवाब में 'टालमटोल' कर रहे थे और 'जांच में सहयोग नहीं' कर रहे थे।

(पेज 7 भी देखें)

सच बेधड़क
दैनिक हिन्दी अख़बार
अख़बार की प्रति प्राप्त करने के लिए
+91 96640 14179
+91 97830 45155
पर सम्पर्क कर अपना पता नोट करवाएं।

क्रिकेट कूटनीति: प्रधानमंत्री मोदी अपने ऑस्ट्रेलियाई समकक्ष के साथ पहुंचे मोटेरा टेस्ट मैच में

दोनों पीएम ने लैप ऑफ ऑनर लगाया... राष्ट्रगान में की शिरकत

एजेंसी | अहमदाबाद

'कूटनीति की पिच' पर खेलना एक कठिन काम है, लेकिन कई बार क्रिकेट के जरिए भारतीय नेताओं ने उपमहाद्वीप के अपने समकक्षों के साथ द्विपक्षीय संबंधों को मजबूत किया। यह क्रिकेट कूटनीति गुरुवार को एक बार फिर तब सुर्खियों में आई, जब प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और उनके ऑस्ट्रेलियाई समकक्ष एंथनी अल्बनीज ने अहमदाबाद के नरेंद्र मोदी स्टेडियम में भारत और ऑस्ट्रेलिया के बीच चौथा और अंतिम टेस्ट मैच देखा। दोनों नेताओं ने गोल्फ कार्ट (गोल्फ खिलाड़ियों को गोल्फ कोर्स ले जाने में इस्तेमाल होने वाला छोटा मोटर वाहन) में बैठकर विशाल स्टेडियम का स्टेडियम का 'लैप ऑफ ऑनर' लगाया।

अपने-अपने देश की टीम से की मुलाकात

मोदी और अल्बनीज ने दोनों टीम के खिलाड़ियों से मुलाकात की। रोहित शर्मा ने पीएम मोदी को भारतीय खिलाड़ियों से मिलवाया, तो कंगारू कप्तान स्टीव स्मिथ ने अल्बनीज की ऑस्ट्रेलियाई टीम से मुलाकात करवाई। और जब भारत तथा ऑस्ट्रेलिया के राष्ट्रगान बजाए गए तो वे खिलाड़ियों के साथ खड़े थे। दोनों प्रधानमंत्रियों ने नरेंद्र मोदी स्टेडियम के 'हॉल ऑफ फेम संग्रहालय' का भी दौरा किया। अल्बानीज बुधवार सुबह अहमदाबाद पहुंचे थे। उन्होंने शहर में आयोजित कुछ कार्यक्रमों में शिरकत की थी। वहीं, मोदी बुधवार देर रात अहमदाबाद पहुंचे थे।

तालियों से स्वागत

मोदी और अल्बनीज ने अपने-अपने देश की क्रिकेट टीम के कप्तानों क्रमश: रोहित शर्मा और स्मिथ को टेस्ट कैप सौंपी। स्टेडियम में हजारों दर्शकों ने गोल्फ कार्ट पर सवार दोनों पीएम का तालियां बजाकर स्वागत किया।

भारत को WTC के लिए जीतना जरूरी

भारत चार टेस्ट की श्रृंखला में 2-1 से आगे चल रहा है। ऑस्ट्रेलिया के कप्तान स्टीव स्मिथ ने गुरुवार को यहां टॉस जीतकर पहले बल्लेबाजी करने का फैसला किया। पहले दिन स्टंप्स तक ऑस्ट्रेलिया ने चार विकेट के नुकसान पर 255 रन बना लिए थे। उस्मान ख्वाजा 104 और ग्रीन 49 रन पर नाबाद थे। भारत को विश्व टेस्ट चैंपियनशिप के फाइनल में पहुंचने के लिए यह मैच जीतना जरूरी है।

मनमोहन सिंह ने भी किया था ऐसा

द्विपक्षीय संबंधों को गति देने के लिए क्रिकेट और कूटनीति का मिश्रण पहले भी देखने को मिला है। वर्ष 2011 में तत्कालीन प्रधानमंत्री मनमोहन सिंह और उनके पाकिस्तानी समकक्ष यूसुफ रजा गिलानी मोहाली में हुए विश्व कप सेमीफाइनल का एक दिवसीय मैच देखने पहुंचे थे। वर्ष 1987 में पाकिस्तान के तत्कालीन सैन्य तानाशाह जिया-उल-हक ने जयपुर में मैच देखने के लिए भारत की यात्रा की थी।

वकीलों का आंदोलन: मंत्रियों के साथ हुई वार्ता में बनी सहमति

सरकार बजट सत्र में ही लाएगी 'एडवोकेट प्रोटेक्शन विधेयक'

■ 15 को बिल होगा पेश, 21 को करेंगे पारित ■ आंदोलन को लेकर अधिवक्ता आज लेंगे निर्णय

बेधड़क | जयपुर

राज्य सरकार वकीलों की सुरक्षा के लिए बजट सत्र में ही 'एडवोकेट प्रोटेक्शन एक्ट' बनाने के लिए विधेयक लाएगी। गुरुवार को वकीलों के संगठनों और सरकार के मंत्रियों के बीच शासन सचिवालय में हुई वार्ता में यह निर्णय किया गया। सरकार 15 मार्च को यह विधेयक विधानसभा में रखेंगे और 21 मार्च को इसे पारित करवाया जाएगा। प्रदेश में वकीलों की ओर से एडवोकेट प्रोटेक्शन एक्ट की मांग को लेकर न्यायिक कार्य का बहिष्कार किया जा रहा है। साथ ही, पिछले दिनों वकीलों द्वारा सरकार के खिलाफ सड़क पर उतरकर विरोध प्रदर्शन किया गया था। सरकार के इस फैसले के बाद यह संभावना जताई जा रही है कि अब जल्द ही प्रदेश भर में कार्य बहिष्कार कर रहे वकीलों का प्रदर्शन खत्म कर दिया जाएगा। हालांकि, अभी इस ओर किसी भी संगठन के तरफ से कोई आधिकारिक ऐलान नहीं किया गया है।

आज रहेगा कार्य बहिष्कार

द बार एसोसिएशन, जयपुर के महासचिव मनोज कुमार शर्मा ने बताया कि वकीलों की सरकार से वार्ता सकारात्मक हुई है। अब आगे की रणनीति को लेकर शुक्रवार को वकीलों की बैठक होगी। उन्होंने बताया कि फिलहाल शुक्रवार को अधिवक्ताओं का न्यायिक कार्य का बहिष्कार जारी रहेगा और संघर्ष समिति की मीटिंग रखी जाएगी। इसमें आगामी रणनीति तय की जाएगी। प्रदेशभर के वकीलों का 'एडवोकेट प्रोटेक्शन एक्ट' को लेकर 13 मार्च को विधानसभा का घेराव का ऐलान किया हुआ है।

हाई कोर्ट में भी सुनवाई

उधर, प्रदेश में चल रही वकीलों की हड़ताल के मामले में हाईकोर्ट में भी गुरुवार को जोधपुर में राजस्थान हाईकोर्ट की स्पेशल डिवीजनल बेंच ने सुनवाई की। बेंच के कार्यवाहक चीफ जस्टिस एम एम श्रीवास्तव व जस्टिस विजय विश्नोई ने राज्य भर के सभी बार संघ को नोटिस जारी किया। साथ ही, इन संघ के अध्यक्ष व सचिवों से 21 मार्च तक शपथ पत्र मांगा है। नोटिस में लिखा है कि उन्होंने किस कारणवश हड़ताल की है? अब इस मामले में 21 मार्च को अगली सुनवाई होगी।

समझौता वार्ता में सरकार की ओर से शामिल हुए पांच मंत्री

इस मामले में गुरुवार को सचिवालय में वार्ता हुई। राज्य सरकार के स्तर पर मंत्रियों की एडवोकेट संगठन के प्रतिनिधियों से वार्ता हुई। इस दौरान मंत्री प्रताप सिंह खाचरियावास, मंत्री महेश जोशी, मंत्री शांति धारीवाल, मंत्री सुभाष गर्ग और मंत्री रामलाल जाट ने एडवोकेट प्रतिनिधिमंडल से वार्ता की। एडवोकेट प्रतिनिधिमंडल में दी बार एसोसिएशन जयपुर के अध्यक्ष कमल किशोर शर्मा, दी डिस्ट्रिक्ट एडवोकेट बार एसोसिएशन के अध्यक्ष विवेक शर्मा व अन्य अधिवक्ता शामिल रहे। इस दौरान दोनों पक्षों में वार्ता से सहमति बनी।

बता दें, जोधपुर में 18 फरवरी को एक सीनियर वकील जुगराज चौहान की सरेआम बदमाशों ने चाकुओं से गोदकर बेरहमी से हत्या कर दी थी। हत्यारों ने इस कदर हैवानियत दिखाई कि जब उन्हें लगा कि वकील कहीं जिंदा न बच जाए तो उन्होंने वकील को पत्थरों से भी कुचला था। पुलिस ने दो आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया है। दरअसल, दो युवकों ने पहले वकील को कॉल करके घर से बाहर बुलाया, फिर बीच सड़क पर बाइक से घेर कर बेरहमी से कत्ल किया। इस वारदात से वकील उद्वेलित हो गए और 'एडवोकेट प्रोटेक्शन एक्ट' की मांग पुरजोर ढंग से उठी।

संजीवनी क्रेडिट घोटाले पर बोले CM

विपदा उत्पन्न करने वाले विश्वासघातियों को बख्शा नहीं जाएगा

गहलोत ने अप्रत्यक्ष रूप से फिर साधा केन्द्रीय मंत्री पर निशाना

सतीश पूनियां ने कहा- खुद ही जांच एजेंसी बन गए गहलोत

बेधड़क | जयपुर

संजीवनी क्रेडिट को-ऑपरेटिव सोसाइटी मामले में केन्द्रीय मंत्री गजेंद्र सिंह शेखावत और मुख्यमंत्री अशोक गहलोत के बीच तल्खी बढ़ती जा रही है। मुख्यमंत्री गहलोत ने संजीवनी घोटाले को लेकर एक और नया वीडियो सोशल मीडिया पर अपलोड करते हुए एक बार फिर शेखावत पर अप्रत्यक्ष रूप से निशाना साधा है। गहलोत ने गुरुवार को वीडियो के साथ लिखा कि भ्रष्टाचार का शिकार हुए इस परिवार की कहानी दुखद है। जहां बच्चों की शिक्षा के लिए इकट्ठा किए गए पैसे फरेबियों की जेब में चले गए, वहीं संजीवनी क्रेडिट को-ऑपरेटिव सोसाइटी ने रिश्तों में भी मनमुटाव पैदा कर दिया। आर्थिक, सामाजिक व परिवारिक विपदा उत्पन्न करने वाले विश्वासघातियों को बख्शा नहीं जाएगा। गौरतलब है कि इससे पहले मुख्यमंत्री गहलोत ने बुधवार को इस मामले को लेकर सोशल मीडिया पर एक के बाद एक पांच पोस्ट किए थे। गहलोत ने पोस्ट में संजीवनी सोसाइटी में अपनी सारी जमा पूंजी गंवा चुके पीड़ितों के वीडियो भी साझा किए।

मुख्यमंत्री गहलोत ने लिखा कि संजीवनी घोटाले के धनलोलुपों ने बुजुर्ग, महिला व दिव्यांग किसी को भी नहीं बक्शा। इस विपदा को हम समझते हैं। सरकार घोटाले में संलिप्त लोगों को सजा दिलाएगी। वहीं दूसरी तरफ इस मामले में केन्द्रीय मंत्री शेखावत गहलोत के खिलाफ नई दिल्ली की अदालत में मानहानि का केस दायर कर चुके हैं।

शेखावत के बचाव में आए पूनियां

इधर शेखावत के बचाव में भाजपा प्रदेश सतीश पूनियां ने मुख्यमंत्री पर पलटवार किया है। पूनियां ने सोशल मीडिया पर लिखा कि गहलोत जिस तरह से एक केंद्रीय मंत्री पर आरोप लगा रहे हैं, उसे देखकर लगता है कि वे खुद ही जांच एजेंसी बने हुए हैं। उनका गजेन्द्र सिंह पर आरोप लगाना प्रतिशोध की राजनीति का एक बहुत बड़ा उदाहरण है। जब मर्यादा की पराकाष्ठा होती है तब ही इस तरह के मामले होते हैं।

एक करोड़ बुजुर्गों को डिमेंशिया की आशंका

एजेंसी | नई दिल्ली

भारत में 60 साल या इससे अधिक उम्र के एक करोड़ से अधिक बुजुर्गों को डिमेंशिया हो सकता है और यह दर तुलनात्मक रूप से अमेरिका और ब्रिटेन जैसे देशों के बराबर हो सकती है। यह दावा एआई आधारित अपने तरह के पहले अध्ययन में किया गया है। दरअसल, डिमेंशिया से व्यक्ति की मानसिक स्थिति प्रभावित होती है जैसे स्मृतिलोप, सोचने, विचार करने और फैसले लेने की क्षमता को नुकसान होना। इससे व्यक्ति दैनिक कार्यों को भी करने में अक्षम हो जाता है। जर्नल नेचर पब्लिक हेल्थ इमरजेंसी कलेक्शन में प्रकाशित अध्ययन के मुताबिक वर्ष 2050 तक भारत की कुल आबादी में 60 साल से अधिक उम्र वालों की हिस्सेदारी 19.1 प्रतिशत होगी।

31,477 बुजुर्गों के आंकड़ों का विश्लेषण

इस नवीनतम अनुसंधान में 31,477 बुजुर्गों के आंकड़ों का विश्लेषण में कृत्रिम बुद्धिमत्ता (एआई) का इस्तेमाल किया गया। अनुसंधानकर्ताओं की अंतरराष्ट्रीय टीम ने पाया कि भारत के बुजुर्गों में डिमेंशिया की दर 8.44% हो सकती है जो देश के करीब 1.008 करोड़ बुजुर्गों के बराबर है। यह दर पश्चिमी देशों के लगभग बराबर है।

जियो ने अमेरिकी कंपनी मिमोसा का किया अधिग्रहण

नई दिल्ली। रिलायंस इंडस्ट्रीज की कंपनी जियो प्लेटफॉर्म्स ने अमेरिका की दूरसंचार उपकरण विनिर्माता कंपनी मिमोसा नेटवर्क्स का छह करोड़ डॉलर में अधिग्रहण किया है। कंपनी अपनी 5जी सेवा और ब्रॉडबैंड सेवाओं को मजबूत करना चाहती है। कंपनी ने एक बयान में इस संबंध में जानकारी दी।

बेमौसम बारिश से बर्बादी

प्रदेश के 18 जिलों में गेहूं, चना और सरसों की फसल में करीब 25% खराबा

- तीन दिन में 10 एमएम से अधिक बारिश की जा चुकी है दर्ज
- मौसम केंद्र की चार दिन बाद पुनः बारिश और ओलावृष्टि की चेतावनी
- सीजन में फसल पर तीन बार पड़ चुकी है मौसम की मार

बेधड़क | जयपुर

प्रदेश में पश्चिमी विक्षोभ के कारण हुई बारिश और ओलावृष्टि ने प्रदेश के अन्नदाताओं की मुश्किलें बढ़ा दी हैं। बेमौसम बारिश के कारण रबी की फसलों में 25 फीसदी तक नुकसान हुआ है। कृषि विभाग के आकलन के अनुसार 7 और 8 मार्च को हुई बारिश और ओलावृष्टि का असर प्रदेश के 18 जिलों में गेहूं, जौ, चना, सरसों, तारामीरा, ईसबगोल, जीरा सहित सब्जियों पर पड़ा है। इस पर सरकार ने तुरंत विशेष गिरदावरी के निर्देश दे दिए हैं।

सबसे अधिक गेहूं की फसल में नुकसान

कृषि विभाग के आकलन के अनुसार 15 जिलों में गेहूं की फसल में नुकसान हुआ है। सबसे अधिक बारां, चितौड़गढ़, बूंदी, बांसवाड़ा, डूंगरपुर, प्रतापगढ़, उदयपुर में 15 से 25 फीसदी खराबा हुआ है। इसके अलावा चने में कोटा, जोधपुर, उदयपुर, बारां बीकानेर चितोड़गढ़ में 30 फीसदी खराबा है। कोटा संभाग के साथ ही बीकानेर और जालोर जिलों में सबसे अधिक नुकसान है। सब्जियों में भी चितौड़गढ़, प्रतापगढ़ सहित कई जिलों में 50 फीसदी नुकसान है। वहीं ईसबगोल, जीरा, तारामीरा की फसलों का भी भारी नुकसान हुआ है। बता दें कि सीजन में इस बार फसलों में जनवरी में पड़े पाले, और ओलावृष्टि के कारण भारी नुकसान हुआ है। जिसके बाद पककर तैयार हुई फसल पर पानी फिरने से उत्पादन में कमी आएगी। जिसके कारण किसानों को भारी नुकसान होगा।

सात दिन में विशेष गिरदावरी रिपोर्ट के निर्देश

बारिश से हुए नुकसान को लेकर सीएम के निर्देश के बाद गुरुवार को मुख्य सचिव ने सात दिन में संभागीय आयुक्तों और जिला कलेक्टरों से जानकारी मांगी। मुख्य सचिव ने जिला कलेक्टरों को निर्देश दिया कि नुकसान का आकलन करने के लिए अगले सात दिनों के भीतर विशेष गिरदावरी करवा कर रिपोर्ट आपदा प्रबंधन विभाग को भिजवाएं ताकि सरकार प्रभावित किसानों को शीघ्र राहत दी जा सके।

माउंट आबू में सर्वाधिक 25 एमएम बरसात

मौसम केंद्र, जयपुर के अनुसार बीते तीन दिन में प्रदेश में 10.1 एमएम बारिश दर्ज की गई है। गुरुवार को जारी आंकड़ों के अनुसार माउंट आबू में सर्वाधिक 25 मिलीमीटर, बारां के किशनगंज में 14 मिलीमीटर और प्रांतीय राजधानी जयपुर में 10 मिलीमीटर बारिश हुई। जयपुर मौसम केन्द्र के निदेशक राधेश्याम शर्मा ने बताया कि आगामी चार दिन तक मौसम साफ रहेगा। जिसके बाद एक और नए पश्चिमी विक्षोभ के प्रभाव से 13-14 मार्च से पुनः गरज के साथ बारिश होने की संभावना है।

जरूरी खबर

सरकार ने दी खादी पर पचास प्रतिशत की छूट

जयपुर। मुख्यमंत्री अशोक गहलोत ने राष्ट्रपिता महात्मा गांधी की जयन्ती के अवसर पर राज्य में उत्पादित खादी वस्त्रों पर 50 प्रतिशत विशेष छूट देने के प्रस्ताव को स्वीकृति दी है। यह छूट 2 अक्टूबर 2023 से 30 जनवरी 2024 तक लागू रहेगी। उल्लेखनीय है कि गहलोत ने 2023-24 के बजट में महात्मा गांधी की जयन्ती के उपलक्ष्य में खादी पर 50 प्रतिशत छूट देने की घोषणा की थी। इस बजट घोषणा की अनुपालना में यह स्वीकृति दी गई है। खादी वस्त्रों पर 50 प्रतिशत छूट से प्रदेश में खादी का उपयोग बढ़ने के साथ-साथ खादी संस्थाओं को प्रोत्साहन भी मिलेगा।

प्रदेश के 30 हजार विद्यार्थियों को मिलेगा लाभ

जयपुर। मुख्यमंत्री अशोक गहलोत ने 'मुख्यमंत्री अनुप्रति कोचिंग योजना' के अंतर्गत लाभान्वितों की संख्या 15 हजार से बढ़ाकर 30 हजार करने के प्रस्ताव को मंजूरी प्रदान की है। इस योजना के लिए गहलोत ने 56.40 करोड़ रुपए के वित्तीय प्रावधान का अनुमोदन किया है। मुख्यमंत्री के इस निर्णय से प्रदेश के आर्थिक रूप से कमजोर विद्यार्थियों को विभिन्न प्रोफेशनल कोर्सेज एवं प्रतियोगी परीक्षाओं की तैयारी के लिए निःशुल्क गुणवत्तापूर्ण कोचिंग प्राप्त करने के अवसर उपलब्ध होंगे।

सीकर में 35 करोड़ से होगा सड़कों का सुदृढ़ीकरण

जयपुर। मुख्यमंत्री अशोक गहलोत ने सीकर जिले के नीमकाथाना एवं श्रीमाधोपुर क्षेत्र में थोई वाया भूदोली सड़क के 27 किमी की लम्बाई में सुदृढ़ीकरण एवं सड़क चौड़ी करने के कार्यों के लिए 35.43 करोड़ रुपए व्यय करने के प्रस्ताव को मंजूरी दी है। उल्लेखनीय है कि मुख्यमंत्री अशोक गहलोत ने पूर्व बजट में प्रत्येक जिले के 3 प्रमुख सड़क मार्गों के कुल 99 मेजर रिपेयर कार्यों को कराए जाने की घोषणा की थी, जिनके लिए 3133.76 करोड़ रुपए की राशि स्वीकृत की जा चुकी है। बजट घोषणा की अनुपालना में यह स्वीकृति दी गई है।

राजस्थानियों को मिलेगा मंच: प्रवासी सम्मान पुरस्कार का शुभारंभ, 5 करोड़ रुपए के अतिरिक्त बजट का प्रावधान

जयपुर में होगा इंटरनेशनल राजस्थानी कॉन्क्लेव, जुटेंगे प्रवासी

■ 23-24 सितम्बर को होने वाले कॉन्क्लेव को दी स्वीकृति

बेधड़क | जयपुर

जयपुर में 23-24 सितम्बर को इंटरनेशनल राजस्थानी कॉन्क्लेव का आयोजन किया जाएगा। इस कॉन्क्लेव को मुख्यमंत्री अशोक गहलोत ने स्वीकृति दे दी है। कॉन्क्लेव के माध्यम से विदेश में रहने वाले राजस्थानियों को पिंकसिटी में मंच मिलेगा। इसमें विश्वभर से प्रवासी राजस्थानी आएंगे। सीएम गहलोत ने जयपुर में इंटरनेशनल राजस्थानी कॉन्क्लेव

का आयोजन किए जाने के प्रस्ताव का अनुमोदन किया हैं। उद्योग विभाग और राजस्थान फाउंडेशन के तत्वाधान में होने वाले इस आयोजन के लिए सीएम ने 5 करोड़ रुपए के अतिरिक्त बजट प्रावधान के प्रस्ताव को भी मंजूरी दी है। इस कॉन्क्लेव के आयोजन के पीछे उद्देश्य प्रवासी राजस्थानियों को एक सूत्र में बांधना हैं।

मिलेगा उद्योग धंधों को बढ़ावा

कॉन्क्लेव के माध्यम से उद्योग धंधों को बढ़ावा मिलेगा। इससे रोजगार के अवसर भी बढ़ेंगे। कोरोना महामारी सहित अन्य मामलों में राजस्थानी प्रवासियों की भूमिका प्रदेश में काफी सराहनीय रही है। प्रवासियों ने स्कूल से लेकर अस्पतालों में काफी सहयोग किया। कई बार सहयोग राशि डोनेट कर प्रदेश का स्कूल और अस्पतालों की दिशा और दशा में भी सुधार की। वही उद्योग धंधों पर होने वाले विषय को लेकर राजस्थान में उद्योग की संभावनाओ को देखते हुए यहां रोजगार के नए द्वार खुलेंगे और प्रवासी राजस्थानी अपने प्रदेश में उद्योग धंधों की संभावनाओं को लेकर आकर्षित होंगे। कॉन्क्लेव में प्रदेश के उद्योग मंत्री से लेकर प्रशासनिक सेवा के अधिकारी भी शामिल होंगे। ये प्रवासी राजस्थानियों को प्रदेश में उद्योग धंधों की संभावनाओं और यहां की भौगोलिक स्थिति व जनसंख्या के हिसाब से लगाए जा सकने वाले उद्योगों के लिए बनाई जाने वाली योजनाओं पर मंथन करेंगे।

पहली बार वर्ष दो हजार में हुआ था इस तरह का आयोजन

दरअसल सन दो हजार में प्रवासी राजस्थानी का महत्व समझते हुए सीएम गहलोत के नेतृत्व में पहली बार इंटरनेशनल राजस्थानी कॉन्क्लेव का आयोजन हुआ था। केवल अपने डायस्पोरा के लिए एक अंतरराष्ट्रीय सम्मेलन करना उस समय केंद्र सरकार या किसी भी राज्य सरकार के लिए एक अनूठी पहल थी। इसी तर्ज पर वर्ष 2003 में भारत सरकार ने प्रवासी भारतीय दिवस का आयोजन किया गया था। जिसके बाद अन्य राज्यों ने भी इस मॉडल को अपनाया हैं। पिछले 3 वर्षों में प्रवासी राजस्थानियों के साथ संबंध मजबूत करने में राजस्थान फाउंडेशन की भूमिका काफी महत्वपूर्ण रही है। फाउंडेशन नियमित रूप से प्रवासी राजस्थानियों को अपनी मातृभूमि से जोड़ने के लिए विभिन्न कार्यक्रमों का आयोजन करवाता रहा है। कोविड महामारी और रूस-यूक्रेन युद्ध के दौरान भी राजस्थान फाउंडेशन ने प्रवासियों की सहायतार्थ बड़ी भूमिका निभाई है।

विभिन्न सत्र होंगे आयोजित

सितम्बर में होने वाले इस दो दिवसीय कॉन्क्लेव में राजस्थानी गौरव, साहित्य, व्यापार, परंपरा, संगीत, कला, संस्कृति, सामाजिक कल्याण, उद्यम, खान-पान, मनोरंजन सहित कई विषयों पर अलग-अलग सत्रों में चर्चा होगी। इसमें उद्यमशीलता और निवेश के अवसरों पर एक विशेष सत्र भी होगा। इसमें विश्वभर के प्रवासी उद्यमी भाग लेंगे। एनआरआर नीति में घोषित प्रवासी सम्मान पुरस्कार का शुभारम्भ भी इसी कॉन्क्लेव में किया जाएगा। गहलोत की दूरदर्शी सोच और विज़न के अनुरूप प्रवासी राजस्थानियों को उनकी मातृभूमि से जोड़ने के उद्देश्य के तहत राजस्थान फाउंडेशन कार्यरत है। इसी उद्देश्य को ध्यान में रख कर यूरोप, यूएस, ब्रिटेन, दुबई, केन्या एवं अन्य देश जहां प्रवासी राजस्थानी बड़ी संख्या में कार्यरत हैं, वहां राजस्थान फाउंडेशन अपनी पहुंच बढ़ा रहा है।

कैपिटलिज्म की नीति के विरोध में कांग्रेस

राजभवन घेराव में मंत्री-MLA की सक्रियता पर रहेगी नजर

अडाणी मामले को लेकर देशभर में 13 मार्च को आंदोलन करेगी कांग्रेस

बेधड़क | जयपुर

केंद्र की मोदी सरकार की नीतियों के विरोध में कांग्रेस एक बार फिर देशभर में प्रदर्शन करेगी। कांग्रेस की ओर से 13 मार्च को राजभवन का घेराव किया जाएगा। इस दौरान मंत्री, विधायकों की सक्रियता पर कांग्रेस आलाकमान की नजर रहेगी। कांग्रेस के आंदोलन और कार्यक्रमों में मंत्री, विधायकों की अनुपस्थिति की शिकायतों के बाद मुख्यमंत्री अशोक गहलोत और कांग्रेस प्रभारी सुखजिंदर सिंह ने पार्टी की गतिविधियों में भाग लेने के लिए मंत्री, विधायकों को सख्त निर्देश दिए हैं।

राजधानी जयपुर में प्रदेशाध्यक्ष गोविंद सिंह डोटासरा के नेतृत्व में विरोध मार्च निकाला जाएगा। जिसमे रंधावा भी शामिल होने के लिए जयपुर आएंगे। इससे पहले पीसीसी अध्यक्ष गोविंद सिंह डोटासरा के निर्देश पर कांग्रेस की ओर से ब्लॉक स्तर पर 6 से 10 मार्च तक राष्ट्रीयकृत बैंकों तथा एलआईसी के कार्यालयों के सामने विरोध-प्रदर्शन किया जा रहा

है। कांग्रेस प्रदेशाध्यक्ष गोविंद सिंह डोटासरा ने कहा किकेंद्र सरकार की ओर से अडानी के पक्ष में क्रोनी कैपिटलिज्म की नीति अपनाई जा रही है, जिसकी पोल हिंडनबर्ग की हालिया रिपोर्ट में खुली है। कांग्रेस केंद्र सरकार की क्रोनी कैपिटलिज्म की नीति का पुरजोर विरोध करती है। उन्होंने बताया कि क्रोनी कैपिटलिज्म की नीति के तहत देश में गहरे आर्थिक संकट के समय देश के महत्वपूर्ण बुनियादी ढांचे को अडानी को बेचे जाने तथा एसबीआई एवं एलआईसी जैसे सार्वजनिक संस्थानों में अडानी समूह के निवेश के बाद देश के गरीब एवं मध्य वर्ग के लोगों की करोड़ों की बचत को खतरे में डाला जा रहा है।

प्रदेश कांग्रेस कार्यकारिणी का जल्द विस्तार संभव

प्रदेश में लम्बे समय से अटकी जिला अध्यक्षों और प्रदेश कांग्रेस कार्यकारिणी के रिक्त पदों पर जल्द नियुक्तियां होगी। जिसको लेकर प्रभारी सुखजिंदर सिंह रंधावा जल्द मुख्यमंत्री और पीसीसी अध्यक्ष से चर्चा कर नामों को फाइनल करेंगे। ऐसे में पार्टी की गतिविधियों में शामिल होने वाले और पार्टी के लिए कार्य करने वाले कार्यकर्ताओं को तवज्जो दी जा सकती है। कांग्रेस सूत्रों के अनुसार पहले प्रदेश कार्यकारिणी और कांग्रेस के विभिन्न संगठनों के पदाधिकारियों की नियुक्ति होगी। इधर प्रदेश कांग्रेस में चल रही खींचतान को लेकर भी गांधी परिवार ने कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे को पटाक्षेप की जिम्मेदारी दी है। माना जा रहा है की खड़गे जल्द राजस्थान को लेकर दिल्ली में अहम बैठक बुलाएंगे।

एक्शन मोड पर जलदाय विभाग

लापरवाही बरतने वाले अभियंताओं को मिलेंगे नोटिस

बेधड़क | जयपुर

प्रदेश के विभिन्न पीएचईडी रीजन में अवैध कनेक्शन एवं बूस्टर्स के खिलाफ प्रभावी कार्रवाई करने में लापरवाही बरतने वाले अभियंताओं को नोटिस दिए जाएंगे। जल जीवन मिशन में सबसे नीचे के पायदान पर रहे जिलों के अभियंताओं को भी चार्जशीट दी जाएगी। अतिरिक्त मुख्य सचिव, जन स्वास्थ्य अभियांत्रिकी सुबोध अग्रवाल की अध्यक्षता में गुरुवार को हुई विभाग की समीक्षा बैठक में यह निर्देश दिए गए। उन्होंने कहा कि जिन जिलों की प्रगति 30 प्रतिशत से कम है, वहां के प्रभारी अभियंता (एसई) को चार्जशीट दी जाए। जल कनेक्शन में अव्वल रहने वाले जिलों को भी उन्होंने कनेक्शनों की संख्या बढ़ाते हुए तय लक्ष्य हासिल करने के निर्देश दिए। अग्रवाल ने गर्मी के मौसम को देखते हुए अवैध कनेक्शन हटाने एवं बूस्टर्स जब्त करने के निर्देशों को गंभीरता से लेते हुए कार्य करने के निर्देश अभियंताओं को दिए। बैठक में बताया गया कि एक अप्रैल 2022 से 2 मार्च 2023 तक कुल 14 हजार 252 अवैध जल संबंध हटाए गए हैं। सर्वाधिक 2215 अवैध कनेक्शन अजमेर में हटाए गए। इसके बाद नागौर में 2136 एवं जयपुर में 1955 कनेक्शन हटाए गए हैं। विभाग द्वारा इस अवधि में 709 बूस्टर जब्त किए गए। एसीएस पीएचईडी ने हनुमानगढ़, धौलपुर, करौली, सीकर, झुंझुनूं, एवं बांसवाड़ा जिलों में अवैध बूस्टर्स जब्त करने की कार्रवाई में जीरो प्रोग्रेस दिखाने पर हैरानी जताई। स्वच्छ जलाशयों की सफाई में पिछड़ रहे जिलों-धौलपुर, अलवर, श्रीगंगानगर, राजसमंद एवं हनुमानगढ़ को भी उन्होंने कार्य में गति लाने के निर्देश दिए।

अंतरराष्ट्रीय महिला दिवस: महिला सशक्तीकरण को मिलेगा बढ़ावा

महिलाओं के लिए होंगी खेल प्रतियोगिताएं

बेधड़क | जयपुर

अन्तरराष्ट्रीय महिला दिवस के उपलक्ष्य में राजस्थान राज्य क्रीड़ा परिषद द्वारा सवाई मानसिंह स्टेडियम में 10 से 25 मार्च तक विभिन्न खेल प्रतियोगिता का आयोजन किया जाएगा। राजस्थान राज्य क्रीड़ा परिषद की अध्यक्ष पदमश्री डॉ कृष्णा पूनिया ने बताया कि क्षेत्रीय खेलकूद प्रशिक्षण केन्द्र एवं जिला खेलकूद प्रशिक्षण केन्द्र की ओर विभिन्न 15 खेलों में प्रतियोगिता होगी। खेल स्वास्थ्य, फिटनेस और मानसिक स्वास्थ्य के सुदृढ़ीकरण के लिए अति आवश्यक है। इन खेलों

से महिला सशक्तिकरण को बढ़ावा मिलेगा। क्रीड़ा परिषद् के मुख्य खेल अधिकारीवीरेन्द्र पूनियां ने बताया कि प्रतियोगिता में तीरन्दाजी, बैडमिन्टन, बास्केटबॉल, साईक्लिंग, टेनिस, खो-खो, सॉफ्टबॉल, क्रिकेट, फुटबॉल, हॉकी, कबड्डी, जूडो, टेबल टेनिस, कुश्ती व रस्सा कस्सी खेलों का आयोजन किया जाएगा। प्रतियोगिता क्षेत्रीय खेलकूद प्रशिक्षण केन्द्र के खेल अधिकारी श्यामवीर सिंह व चौगान स्टेडियम के प्रभारी राजनारायण शर्मा के देखरेख में सम्पन्न होगी।

खेलों के लिए हॉकी प्रशिक्षक नीलम चौधरी व जिम्नास्टिक प्रशिक्षक मीना शर्मा को संयोजक बनाया गया है। वहीं तीरंदाजी गजेन्द्र शर्मा, बैडमिंटन यादवेन्द्र सिंह, बास्केटबॉल-अशोक ढाका, टेनिस- मो खालिद, क्रिकेट- मनीष वर्मा, फुटबॉल -विनोद कुमार, हॉकी-प्रशांत सप्रे, कबड्डी- राजकुमार छाबड़ा, कुश्ती- आंची देवी, रस्सा कस्सी -मनीषा व रजनी उपाध्याय, सॉफ्टबॉल-राहुल तंवर, जूडो समीक्षा शर्मा साईक्लिंग-गणेश सैनी, अनुबन्धित प्रशिक्षक टेबल टेनिस श्रीकृष्ण, अनुबन्धित प्रशिक्षक खो-खो-हसन खान को आयोज्य खेल प्रतियोगिताओं का सह संयोजक बनाया गया है।

माध्यमिक शिक्षा बोर्ड की परीक्षाएं शुरू

पहले दिन मनोविज्ञान का पेपर परीक्षार्थी रहे 200 से भी कम

बेधड़क | जयपुर

राजस्थान माध्यमिक शिक्षा बोर्ड की कक्षा 12वीं की परीक्षाएं गुरुवार से शुरू हुई। पहले दिन मनोविज्ञान विषय का पेपर हुआ। इसमें 200 से कम विद्यार्थी शामिल रहे। पहले चरण में 17 मार्च तक होने वाली 9 विषयों के प्रश्न पत्रों में 72 हजार परीक्षार्थी ही बैठेंगे, जबकि 20 मार्च को होने वाली विषयों की परीक्षाओं में 6 लाख से अधिक विद्यार्थी एक साथ परीक्षा देंगे। शुक्रवार को लोक प्रशासन और शनिवार को पर्यावरण विज्ञान का

पेपर होगा। 13 मार्च का शारीरिक शिक्षा का पेपर रहेगा। 14 मार्च को संगीत, 15 मार्च को समाज शास्त्र और 17 मार्च को संस्कृत साहित्य का पेपर होगा।

इसके बाद होने वाली परीक्षाओं में परीक्षार्थियों की संख्या बढ़ जाएगी। 12वीं की परीक्षाएं 12 अप्रैल तक होंगी। इसी प्रकार 10वीं की परीक्षाएं 16 मार्च से शुरू होकर 11 अप्रैल तक होंगी। इन परीक्षाओं के लिए कुल 21 लाख 12 हजार 206 स्टूडेंट्स पंजीकृत हैं। 12वीं परीक्षा में कुल 10 लाख 31 हजार 72 और 10वीं में 10 लाख 68 हजार 383 स्टूडेंट्स शामिल होंगे। परीक्षा के लिए प्रदेशभर में 6081 परीक्षा केन्द्र बनाए गए हैं।

न्याय की मांग

मुंह में घास दबाकर वीरांगनाओं का सीएम आवास पर कूच, पुलिस ने रोका

- सीएम ने फिर कहा- शहीद के बच्चों के अधिकारों को रौंद कर किसी अन्य रिश्तेदार को नौकरी देना कैसे जायज

बेधड़क | जयपुर

न्याय की मांग को लेकर सांसद किरोड़ी लाल मीणा के सा थ आंदोलन कर रही वीरांगनाओं ने सीएम आवास तक पहुंचने का प्रयास किया। सचिन पायलट के बंगले के बाहर धरने पर बैठी पुलवामा शहीदों की तीनों वीरांगनाएं

गुरुवार को धरना स्थल से उठी और मुंह में घास (दूब) दबाकर रवाना हो गई। दांतों में तिनका दबाकर शरणागत होते हुए शहीदों के सम्मान की बात कहीं। उन्होंने किरोड़ी के साथ सीएम हाउस कूच करने का प्रयास किया, लेकिन पुलिस ने बीच में ही रोक दिया। पुलिस के रोकने पर वीरांगनाएं जमीन पर लेट गई और सीएम से अपनी मांगों को लेकर गुहार लगाई। जब पुलिस ने सीएम हाउस जाने से इन्हें रोक दिया तो इसके बाद वापस तीनों वीरांगनाएं पायलट के बंगले के बाहर आकर धरने पर बैठ गई। न्याय की मांग को लेकर 10 दिनों से यह आंदोलन जारी हैं।

इससे पहले अपराह्न 3 बजे वीरांगनाएं बारिश में ही सीएम आवास की ओर कूच कर गई। यहां बैरिकेडिंग लगाकर पुलिसकर्मियों ने वीरांगनाओं को रोका। आगे जाने और सीएम गहलोत से मिलने की बात को लेकर पुलिस और वीरांगनाओं के बीच तीखी नोक-झोंक भी हुई।

शहीद के बच्चों का क्या होगा: सीएम गहलोत

इस मामले को लेकर सीएम अशोक गहलोत ने कहा कि हम शहीद के बच्चों के अधिकारों को रौंद कर किसी अन्य रिश्तेदार को नौकरी देने को कैसे जायज ठहरा सकते हैं? बड़े होने पर शहीद के बच्चों का क्या होगा? क्या उनके अधिकारों को कुचलना उचित है? एक बार फिर ट्वीट कर सीएम ने खरगे को लिखे पत्र की कॉपी भी वायरल की है। साथ ही भाजपा नेताओं पर हमला बोला है। उन्होंने कहा कि राजस्थान का हर नागरिक शहीदों के सम्मान का अपना कर्तव्य निभाता है, लेकिन भाजपा के कुछ नेता अपनी राजनीतिक रोटियां सेंकने के लिए शहीदों की वीरांगनाओं का इस्तेमाल कर उनका अनादर कर रहे हैं। सीएम ने कहा था कि पुलवामा शहीदों की वीरांगनाओं को पैकेज दिया जा चुका है।

वीरांगना मंजू जाट आमरण अनशन पर

डॉ. किरोड़ी मीणा ने कहा कि वीरांगनाएं 10 दिन से धरने पर बैठी हैं, लेकिन सरकार के कान पर जूं तक नहीं रेंग रही। वीरांगना मंजू जाट 5 दिन से आमरण अनशन पर है। प्रदर्शन के दौरान शहीद की वीरांगना सुंदरी देवी की तबीयत बिगड़ गई। किरोड़ी ने कहा कि गुर्जर आंदोलन में मृतक परिवारों में देवर, भतीजों आदि सदस्यों को नौकरी दी गई थी। जब यहां नौकरी दे सकते हैं तो इस मामले में भी कोई दिक्कत नहीं है।

राष्ट्रीय महिला आयोग ने लिया संज्ञान

वीरांगनाओं के साथ कथित पुलिस की मारपीट के मामले में राष्ट्रीय महिला आयोग ने संज्ञान लिया है। इसे लेकर आयोग की चेयरपर्सन रेखा शर्मा ने राजस्थान पुलिस महानिदेशक उमेश मिश्रा को पत्र लिखा है। रेखा शर्मा ने डीजीपी से इस मामले की जांच कराने और कथित तौर पर पुलिस द्वारा की गई मारपीट की भी जांच कराने की मांग की है, इसके अलावा उन्होंने इस पूरे मामले की विस्तृत रिपोर्ट भी मांगी है।

जरूरी खबर

नारी सम्मान से ही आगे बढ़ सकता है देश

जयपुर। अंतरराष्ट्रीय महिला दिवस अवसर पर यहां इंटरनेशनल गुडविल सोसायटी आफ इंडिया के राजस्थान जयपुर अध्याय का शुभारंभ किया गया। इस अवसर पर संस्था के जयपुर अध्याय की अध्यक्ष प्रोफेसर प्रवीण शर्मा ने संस्था के संस्थापक डॉ. नागेन्द्र सिंह के बहुमुखी प्रतिभा सम्पन्न व्यक्तित्व पर प्रकाश डालते हुए जानकारी दी कि डॉ. सिंह भारत में अनेक उच्च पदों पर रहते हुए समर्पण की भावना से काम किया। वे अन्तरराष्ट्रीय न्यायालय में न्यायाधीश भी रहे, वहीं अनेक विश्वविद्यालय में रहे महत्वपूर्ण पदों पर अपने व्यक्तित्व की छाप छोड़ी। उन्होंने अन्तरराष्ट्रीय स्तर पर मानव कल्याण एवं विश्व शांति के लिए अनेक महत्वपूर्ण प्रयास किए। बाद में नारी सशक्तीकरण विषय पर संगोष्ठी हुई।

राजस्थान मिलेट्स कॉन्क्लेव का आयोजन 13 से

जयपुर। अन्तरराष्ट्रीय मिलेट्स वर्ष के तहत राज्य में 13 व 14 मार्च को राजस्थान मिलेट्स कॉनक्लेव का आयोजन राज्य कृषि प्रबंधन संस्थान, दुर्गापुरा जयपुर में किया जा रहा है। प्रमुख शासन सचिव, कृषि एवं उद्यानिकी दिनेश कुमार ने बताया कि मिलेट्स उत्पादकों, कृषि व्यवसायी, स्टार्टअप, एफपीओ, स्वयंसेवी संस्था, कृषि वैज्ञानिक एवं कृषि अधिकारियों के सहयोग से यह आयोजन किया जा रहा है। इस कॉनक्लेव में मिलेट्स स्टार्टअप एवं कृषि प्रस्करण के 100 से अधिक स्टॉल लगाए जाएंगे। उन्होंने बताया कि राजस्थान में मिलेट्स प्रोत्साहन के लिए मुख्यमंत्री द्वारा बजट में राजस्थान मिलेट्स मिशन की घोषणा की गई। जिसके तहत बाजरा व ज्वार की खेती के प्रोत्साहन, उत्पादन में वृद्धि, घरेलू खपत को बढ़ावा देने एवं मुख्य संवर्धन के लिए कई रणनीतियां अपनाई जा रही हैं।

एसएमएस अस्पताल में आज से नई कवायद, बांगड़ परिसर से शुरुआत

अब नहीं होगी चादर बदलने में गड़बड़ी, दिन के हिसाब से होगा रंग

बेधड़क | जयपुर

एसएमएस अस्पताल में अव्यस्थाओं को सुधारने को लेकर प्रशासन शुक्रवार से नई कवायद शुरू करने जा रहा है। वार्ड में सफाई व्यवस्था को बनाए रखने और मरीजों की शिकायत को दूर करने के लिए हर दिन वार्ड में बेड पर चद्दर का रंग बदलेगा।

वहीं, वार्ड के बाथरूम के व्यवस्थित रखरखाव के लिए सुलभ की सेवाएं भी ली जाएंगी। शुक्रवार दोपहर 3 बजे से बांगड़ परिसर से इस कवायद की शुरुआत के साथ ही मरीजों की शिकायत भी दूर हो सकेगी। अस्पताल में दिन के हिसाब से चद्दर का रंग तय कर दिया गया है। हर दिन अब चद्दर व तकिया का कवर बदला जाएगा। अस्पताल में सफाई और मरीजों की ओर से इन्हें नहीं बदले जाने की शिकायत बढ़ने के बाद अस्पताल परिसर को साफ-स्वच्छ बनाने के लिए इसका निर्णय लिया गया है।

> सफाई व्यवस्थाओं को लेकर यह कवायद शुरू की गई है। इससे मरीजों की शिकायत दूर हो सकेगी।
>
> **डॉ अचल शर्मा,** अधीक्षक, एसएमएस अस्पताल

सुधरेगी टॉयलेट्स की दशा

सीएम अशोक गहलोत ने कुछ दिन पहले सवाई मानसिंह अस्पताल का दौरा किया था। इस दौरान उन्होंने अस्पताल में फैली अव्यवस्थाओं को लेकर नाराजगी जाहिर की थी। साथ ही व्यवस्थाएं सुधारने को लेकर जरूरी कदम उठाने को कहा था। सीएम की फटकार के बाद ही यह सभी कवायद शुरू होने जा रही है। सीएम ने मरीजों को सभी सुविधाएं देने और साफ सफाई पर विशेष फोकस करने को कहा था। इसके बाद अस्पताल प्रशासन ने मरीज के वार्ड में स्थित टॉयलेट्स की दशा सुधारने के लिए सुलभ संस्थान को जिम्मेदारी दी है। यह संस्था टॉयलेट्स की देखरेख करेगी। इसमें साफ सफाई से लेकर गंदगी होने पर तुरंत उसे साफ करने को लेकर काम करेगी। इससे गंदे शौचालयों को आकर आ रही शिकायत दूर हो सकेगी। वार्ड में मरीज व उनके परिजनों को स्वच्छ वातावरण मिल सकेगा।

रोटेशन में रिपीट होगा रंग

शुक्रवार से शुरू हो रही इस कवायद के बाद मरीजों के लिए वार्ड में हर तीन दिन के रोटेशन के हिसाब से अलग अलग रंग की चद्दर बिछाई जाएगी। वहीं सप्ताह के अंतिम दिन सफेद चद्दर होगी। इसके लिए अस्पताल प्रशासन ने गुलाबी, हरे और नीले रंग की चद्दरें मंगवाई हैं। माना जाए कि सप्ताह के पहले दिन सोमवार को जैसे गुलाबी, मंगलवार को हरे और बुधवार को नीले रंग की चद्दर बिछाई जाएगी। फिर इसके अगले तीन दिन गुरुवार, शुक्रवार और शनिवार को इसी क्रम को दोहराया जाएगा। वहीं, सप्ताह के अंतिम दिन सफेद चद्दर वार्ड के बेड पर बिछाई जाएगी। इससे वार्ड में चद्दर नहीं मिलने और इन्हें नहीं बदलने की शिकायत दूर होगी और अस्पताल प्रशासन कलर के हिसाब रोज मॉनिटरिंग कर सकेगा।

मौसम: आज से तीन दिन साफ रहेगा मौसम, खिलेगी धूप

राजधानी में झमाझम, तीन दिन में 10mm गिरा पानी

बेधड़क | जयपुर

राजधानी जयपुर सहित आसपास के क्षेत्रों में लगातार तीन दिन से बारिश होने से आमजन को गर्मी और उमस से राहत मिली। मार्च में जयपुर में 10 एमएम बारिश दर्ज की गई है। जयपुर शहर के अलावा आमेर, सांगानेर, कोटखावदा, चाकसू, जोबनेर, विराटनगर, जमवारामगढ़, आंधी, तूंगा, बस्सी में भी बारिश हुई। मंगलवार देर रात बारिश का दौर शुरू है। बुधवार को दिन भर बदल छाए रहने के बाद शाम से लेकर देर रात तक रुक रुक कर बारिश हुई। वहीं गुरुवार दोपहर में शहर में अचानक तेज बारिश हुई जिससे कई जगह सड़को पर पानी भर गया। मौसम केंद्र के अनुसार राजस्थान में एक्टिव इस सिस्टम का असर गुरुवार शाम से खत्म होने के बाद शुक्रवार से राज्य के अधिकांश हिस्सों में मौसम साफ होगा और धूप निकलने की संभावना है। इसके बाद अगले तीन दिन मौसम शुष्क रहेगा, धूप निकलने से तापमान भी बढ़ेगा। मौसम केंद्र जयपुर के अनुसार दो दिन में जयपुर, बारां, डूंगरपुर, झालावाड़, टोंक, सिरोही समेत कई जिलों में बारिश के साथ ओले गिरे।

3 डिग्री सेल्सियस तक गिरा तापमान

प्रदेश में इस बारिश और ओलावृष्टि से तापमान भी 3 डिग्री सेल्सियस तक गिर गया, जिससे रात में हल्की ठंडक बढ़ गई। उदयपुर, जयपुर में रात का न्यूनतम तापमान 3 डिग्री सेल्सियस, जबकि कोटा, चूरू, टोंक में 2 डिग्री सेल्सियस तक नीचे आ गया। उदयपुर में बीती रात न्यूनतम तापमान 12 डिग्री सेल्सियस दर्ज हुआ। जयपुर में गुरुवार को अधिकतम तापमान 28.4 डिग्री एवं न्यूनतम तापमान 16.4 डिग्री दर्ज किया गया है।

राजस्व और कृषि अधिकारी उतरे फील्ड में

रबी की फसल कटाई के समय हुई बारिश के कारण जयपुर में गेहूं, जौ, सरसों की फसल में नुकसान हुआ है। फसलों के खराबे की जानकारी के लिए मुख्य सचिव ने जिला कलेक्टर और सभागीय आयुक्त को सात दिन में रिपोर्ट देने के निर्देश दिए है। जिसके बाद जिला कलेक्टर ने राजस्व और कृषि विभाग के अधिकारियो को विशेष गिरदावरी के निर्देश दिए है। मुख्य सचिव उषा शर्मा ने कहा कि राज्य सरकार बारिश और ओलावृष्टि से किसानों को हुए नुक़सान को लेकर बेहद संवेदनशील है। उन्होंने ज़िला कलेक्टरों को त्वरित कार्यवाही करते हुए संबंधित अधिकारियों को व्यक्तिगत रूप से क्षेत्र में भेजकर विशेष गिरदावरी एवं इसका जिओ टैग करवाना सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। बैठक में अतिरिक्त मुख्य सचिव राजस्व विभाग अपर्णा अरोरा, शासन सचिव आपदा प्रबंधन एवं राहत पी.सी. किशन तथा विशिष्ट सचिव राजस्व विश्वमोहन शर्मा भी मौजूद रहे।

बैंक लूट: 4 दिन बाद भी खाली हाथ

सीसीटीवी फुटेज से रूट मैप तैयार कर रही जयपुर पुलिस

बेधड़क| जयपुर

अजमेर रोड स्थित इंडियन ओवरसीज बैंक में हथियारबंद बदमाशों द्वारा की गई लूट की वारदात में शामिल अपराधी 4 दिन बाद भी पुलिस की पकड़ से दूर से हैं। जयपुर कमिश्नरेट के श्याम नगर थाना इलाके में 10.73 लाख रुपए लूट कर ले जाने वाले बदमाशों को पकड़ने के लिए पुलिस की टीमें सीसीटीवी फुटेज खंगालने में जुटी हुई हैं। इसके आधार पर ही वह रूट मैप तैयार कर रही हैं और उनकी मूवमेंट के आधार पर उनके छिपे होने के ठिकानों का पता लगाने में जुटी हुई हैं। पुलिस की आधा दर्जन टीम बदमाशों को पकड़ने के लिए गठित की गई हैं, लेकिन अभी तक बदमाश पकड़ से दूर हैं। हालांकि, कई जगह पुलिस को सीसीटीवी से ज्यादा मदद भी नहीं मिल पाई। कई जगह सीसीटीवी में साफ दिखाई नहीं देने और खराब होने के कारण परेशानी का सामना करना पड़ा है। पुलिस के अधिकारी अंदाजा लगा रहे हैं कि बदमाश हाइवे का प्रयोग कर लूट के बाद किसी दूसरे शहर की ओर भाग निकलें। वहीं, वारदात के समय मौके पर मौजूद कर्मचारियों से भी पुलिस ने पूछताछ की है। गौरतलब है कि सोमवार सुबह करीब 9 बजे दो हथियारबंद बदमाशों ने बैंक में प्रवेश कर लूट की वारदात को अंजाम दिया था।

जयपुर में इससे पहले भी दो बैंकों में ऐसी ही लूट हुई थी। उस घटना में भी पुलिस खाली हाथ ही रही। इसमें 2017 में आदर्श नगर स्थित यूको बैंक व साल 2022 में चौमूं हाउस सर्किल का सेंट्रल बैंक शामिल हैं।

ब्लैकमेल मामले में भी नहीं मिली सफलता

बेधड़क.जयपुर। राजधानी में कार्यरत एक महिला न्यायिक अधिकारी को ब्लैकमेल कर लाखों रुपए मांगने के मामले में पुलिस बदमाश को नहीं पकड़ पाई है। हालांकि, की सदर थाना पुलिस और जयपुर कमिश्नरेट की अलग अलग टीमें इनपुट के आधार पर शेखावटी इलाके में बदमाश के संभावित ठिकानों पर छापेमारी कर रही है। पुलिस को बदमाश के चुरू, सीकर, बीकानेर, झुंझुनूं के आस-पास होने की सूचना मिली है।

सच बेधड़क
दैनिक हिन्दी अख़बार
आपके दिल की बात अब आपके अखबार के माध्यम से...
अख़बार में प्रकाशन के लिए खबर, विज्ञप्ति, कार्यक्रम की सूचना आलेख एवं अपनी मौलिक रचनाएं
news@sachbedhadak.com
पर E- Mail करें ।

सरसंघचालक मोहन भागवत लेंगे संगम में भाग

राष्ट्रीय सेवा संगम के लिए भूमि पूजन

बेधड़क | जयपुर

राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के सरसंघचालक डॉक्टर मोहन भागवत सात अप्रैल को राष्ट्रीय सेवा भारती के तत्वाधान में आयोजित तीसरे राष्ट्रीय सेवा संगम के उद्घाटन समारोह में भाग लेंगे। इसके लिए गुरुवार को केशव विद्यापीठ, जामड़ोली में संगम के निमित्त भूमि पूजन कार्यक्रम हुआ। राष्ट्रीय सेवा भारती के अखिल भारतीय अध्यक्ष पन्नालाल भंसाली ने बताया कि संगम सात से नौ अप्रैल तक केशव विद्यापीठमें किया जाएगा। कार्यक्रम में देश भर की 1,000 संस्थाओं के करीब 5,000 प्रतिनिधियों के साथ अनेकों सेवा प्रेमी, उद्योगपति, संत, खेल और कला जगत के लोग सम्मिलित होंगे। सम्मेलन का उद्देश्य राष्ट्रीय सेवा भारती से संबंध व संलग्न स्वैच्छिक संस्थाओं के बीच तालमेल स्थापित कर समरस, सक्षम, स्वाबलंबी एवं आत्मनिर्भर समाज और समृद्ध भारत का निर्माण करना है

कमिश्नर ने मांगी थी एक तिहाई पार्षदों की अनुमति

बैठक बुलाने के लिए पार्षद हुए लामबंद

बेधड़क | जयपुर

जयपुर नगर निगम हेरिटेज के पार्षद साधारण सभा बुलाने को लेकर लामबद्ध होने लगे हैं। पार्षदों का कहना है कि बैठक बुलाकर बजट पारित किया जाए।

साधारण सभा की बैठक नहीं बुलाने के के कारण कई कांग्रेसी पार्षदों ने निगम कमिश्नर को पत्र लिखा था। इसके बाद कमिश्नर ने एक तिहाई पार्षदों की अनुमति को कहा था, जिसके बाद बैठक बुलाने के लिए पार्षेदों ने एक हस्ताक्षर अभियान शुरू किया और एक-एक पार्षदों के घर जाकर उनसे साइन करवा रहे हैं। सिविल लाइन्स से जीतकर आए पार्षद मनोज मुद्गल, दशरथ सिंह और उत्तम शर्मा ने इस अभियान की शुरुआत की है। वो पिछले कुछ दिनों से एक-एक पार्षद के घर जाकर बैठक बुलाने के प्रस्ताव पर हस्ताक्षर करवा रहे हैं। इनका लक्ष्य एक तिहाई पार्षदों का समर्थन जुटाकर प्रोटोकॉल के तहत मेयर या कमिश्नर को प्रस्ताव देकर बैठक बुलाने का है। पार्षद मनोज का कहना है कि बजट सीधे सरकार को नहीं भेजकर पार्षदों की मौजूदगी में पारित किया जाए। इसके लिए एक तिहाई पार्षदों का बहुमत मांगा है। जिसकी कवायद में जुटे हुए हैं।

सिटी पार्क में पेड प्रवेश से पहले दिन 2 लाख की कमाई

पैसे नहीं कम कर पाए उत्साह, शुल्क देकर पांच हजार लोगों ने की विजिट

बेधड़क | जयपुर

मानसरोवर के सिटी पार्क में गुरुवार से नई कवायद शुरू हुई। पार्क में एंट्री फीस लागू कर दी गई। इसके बाद भी पार्क को निहारने वाले लोगों का उत्साह कम नहीं हुआ और पहले ही दिन शुल्क देने के बाद भी 5 हजार से अधिक लोग यहां पहुंचे। प्रवेश शुल्क और पार्किंग के जरिए पहले ही दिन सिटी पार्क से राजस्थान आवासन मंडल को करीब 2 लाख रुपए की कमाई हुई। पार्क में जाने के लिए हर व्यक्ति को अब 20 रुपए का टिकट शुल्क देने का गुरुवार को पहला दिन था। पार्क में आए लोगों को ऑफलाइन और ऑनलाइन दोनों मोड से पेमेंट करने की सुविधा दी गई। परिसर में जगह-जगह क्यूआर कोड प्रदर्शित किए गए। इनसे आसानी से कम समय में पेमेंट हो पाया। आमजन गूगल प्ले स्टोर से सिटी पार्क जयपुर एप डाउनलोड कर आसानी से प्रवेश शुल्क का भुगतान कर रहे थे। आईसीजी गर्ल्स कॉलेज से आई निकिता ने कहा कि एप से टिकट लेने के बाद वह चंद मिनटों में बिना किसी परेशानी के आसानी से पार्क में प्रवेश कर सकी। झुंझुनू से आए मोहित सुंडा ने कहा कि शहर के अन्य पार्कों मसलन किशन बाग में 50 रुपए, कुलिश स्मृति वन में 30, जलधारा में 30 में रामनिवास बाग स्थित सावन भादो में 20 का प्रवेश शुल्क लिया जा रहा है। ऐसे में केवल 20 रुपए प्रवेश शुल्क किसी भी स्तर पर ज्यादा नहीं है।

ये शुल्क तय

प्रवेश प्रति व्यक्ति-	20 रुपए
पार्किंग टू व्हीलर-	20 रुपए (3 घंटे)
फोर व्हीलर-	50 रुपए (3 घंटे)
शूटिंग प्री वेडिंग-	10 हजार प्रति दिन
फिल्म/सीरियल-	50 हजार प्रति दिन
वार्षिक पास प्रति-	999 रुपए

इस समय मिली छूट

हालांकि, सुबह 6 से 9 बजे तक मॉर्निंग वॉक करने वाले लोगों को कोई शुल्क नहीं लिया गया। वहीं, 12 वर्ष से कम उम्र के बच्चों की एंट्री भी फ्री रही। इसके अलावा जो लोग रोजाना पार्क में घुमना चाहते हैं, उनके लिए भी अलग से सुविधा दी गई है। रोजाना घूमने वालों के लिए वार्षिक पास की सुविधा की गई है। इसके लिए 999 रुपए का पास लेना होगा।

असामाजिक तत्व नहीं कर पाएंगे प्रवेश

सिटी पार्क में प्रवेश के लिए न्यूनतम शुल्क लगाने पर आमजन ने प्रतिक्रिया देते हुए इस कदम को सराहनीय बताया है। उन्होंने कहा कि न्यूनतम शुल्क से न केवल पार्क के रखरखाव में मदद मिलेगी, बल्कि असामाजिक तत्वों के प्रवेश पर भी पाबंदी लगेगी। मंडल की सचिव अल्पा चौधरी, अतिरिक्त मुख्य अभियंता संजय पूनिया, आवासन अभियंता केके दीक्षित सहित अन्य अधिकारियों ने गुरुवार को विधिवत तरीके से टिकट व्यवस्था को शुरू करवाया। पहले दिन जगह-जगह क्यूआर कोड लगाए गए और कैश काउंटर पर ऑफलाइन पेमेंट के साथ ऑनलाइन की भी सुविधा दी गई थी।

विधायक ने किया विरोध

सांगानेर से भाजपा विधायक अशोक लाहोटी ने सीएम अशोक गहलोत को एक पत्र लिखकर राजस्थान आवासन मंडल के प्रवेश पर शुल्क लगाए जाने का विरोध किया है। उन्होंने पत्र में कहा है कि गरीब व्यक्ति सुबह अपने स्वास्थ्य के लाभ लेने के लिए सिटी पार्क में नहीं जा सकता है, उसे जाने के लिए शुल्क जमा कराना पड़ेगा। मंडल ने आपकी पहल पर यह पार्क मानसरोवर के निवासियों के लिए बनाया था, लेकिन इस पर शुल्क लगाया जाना कहां तक सही है। उन्होंने पत्र में लिखा कि यह क्षेत्र ग्रेटर नगर निगम में आता है, ऐसे में पार्किंग शुल्क आवासन मंडल कैसे लगा सकता है।

हर काम में अड़ंगा लगाने पर तुले लाहोटी: भारद्वाज

लाहौटी के बयान पर पुष्पेंद्र भारद्वाज ने पलटवार किया। उन्होंने कहा कि कुछ असामाजिक तत्वों ने जब पार्क की कई चीजों को चुराने व क्षति पहुंचाई उस समय मौन रहने वाले विधायक पार्क में एंट्री का शुल्क लागू होने पर अपनी राजनीतिक रोटियां सेंकने आ गए हैं। विधायक सांगानेर में विकास के कोई भी कार्य को देखते ही उसमें अड़ंगा लगाने आ जाते हैं।

जरूरी खबर

खेत में काम कर रहे अधेड़ की गोली मारकर हत्या

धौलपुर। जिले के राजाखेड़ा कस्बे के हाट मैदान बाईपास स्थित खेत में एक अधेड़ की गोली मारकर हत्या कर दी गई। मृतक के परिजनों ने चार नामजद आरोपियों के खिलाफ राजाखेड़ा थाने में हत्या का मामला दर्ज कराया है। जानकारी के मुताबिक राजाखेड़ा निवासी 48 साल के छोटेलाल पुत्र पुरुषोत्तम अपने खेतों पर बने ट्यूबवैल पर गया था। जहां अपसी रंजिश के चलते कुछ गदमाशों ने अधेड़ की गोली मारकर हत्या कर दी । घटना के बाद से ही आरोपी फरार हैं। जिनकी तलाश में पुलिस दबिश दे रही है।

गेहूं-सरसों की आड़ में अफीम की खेती का खुलासा

राजसमंद। देवगढ़ थाना पुलिस ने क्षेत्र के मियाला गांव में दबिश देकर गेहूं और सरसों की आड़ में अफीम की खेती करने का खुलासा किया है। पुलिस ने मौके से 2049 किलोग्राम डोडे लगे अफीम के पौधे जब्त किए हैं। खेत मालिक पुलिस की भनक पाते ही फरार हो गया, जिसकी तलाश की जा रही है। एसपी सुधीर जोशी ने बताया कि खेत मालिक शंभू सिंह पुत्र रूप सिंह तंवर बिना लाइसेंस के गेहूं-सरसों की आड़ में अफीम की खेती कर रहा था। पुलिस ने मामला दर्ज आरोपी की तलाश शुरू कर दी है।

बर्बाद फसलें लेकर एसडीएम ऑफिस पहुंचे किसान

झालावाड़। प्रदेश में अचानक आई बेमौसम बारिश और ओलावृष्टि के चलते फसलें बर्बाद हो गईं हैं। इस बीच झालावाड़ जिले में किसान अपनी बर्बाद फसलों को लेकर एसडीएम ऑफिस पहुंचे और प्रदर्शन किया। किसानों ने तहसीलदार को मुख्यमंत्री के नाम का ज्ञापन सौंपकर फसलों की गिरदावरी करवाने और उस पर मुआवजा दिलाने की मांग की। इससे पहले भारतीय किसान संघ तहसील पिडावा सुनेल रायपुर क्षेत्र के सैकड़ों किसानों ने कृषि उपज मंडी पिडावा में बैठक की। बैठक के बाद किसानों ने रैली निकलकर प्रदेश सरकार एवं जिला प्रशासन के खिलाफ जमकर प्रदर्शन किया।

रणथम्भौर से युवा बाघिन को सरिस्का में किया गया शिफ्ट, अब 28 हुई यहां बाघों की कुल संख्या

सरिस्का टाइगर रिजर्व में बाघों का कुनबा बढ़ाएगी बाघिन टी-134

बेधड़क | अलवर

रणथम्भौर की युवा बाघिन टी-134 अब सरिस्का में बाघों का कुनबा बढ़ाएगी। गुरुवार को रणथम्भौर से बाघिन टी-134 सरिस्का में शिफ्ट किया गया। रणथम्भौर से बाघिन को ट्रेंकुलाइज करके सरिस्का लाया गया है। युवा बाघिन के सरिस्का आने के बाद यहां बाघों का कुनबा 28 हो गया है। गौरतलब है कि रणथम्भौर में बढ़ती संख्या को देखते हुए बाघों को सरिस्का शिफ्ट किया जा रहा है। कुछ समय पहले एक युवा बाघ T-114 को सरिस्का में शिफ्ट किया गया था। अब एक युवा बाघिन को भी रणथम्भौर से सरिस्का शिफ्ट

किया गया है। सरिस्का की टीम ने रणथम्भौर के जंगलों में गुरुवार सुबह बाघिन को ट्रेंकुलाइज किया। इसके बाद उसे रेडियो कॉलर लगाया गया। इस प्रकिया के बाद बाघिन को सड़क मार्ग से सरिस्का ले जाया गया। जंगल में छोड़ने से पहले कुछ दिनों तक बाघिन को सरिस्का में बने नए एंक्लोजर में रखा जाएगा।

अब तक रणथम्भौर से आए टाइगर

एसटी 1, एसटी 2, एसटी 3, एसटी 4, एसटी 5, एसटी 6, एसटी 9, एसटी 10, एसटी 16 व एसटी 29, एसटी 134 जो कि अब एसटी 30 के नाम से जानी जाएगी। ये सभी टाइगर व टाइग्रेस रणथम्भौर से सरिस्का लाए गए हैं। इनमें कुछ की मौत हो चुकी है। अब सरिस्का में टाइगर की संख्या बढ़ने लगी है। कुछ दिन पहले दो नए शावक नजर आए थे। अब तक यहां टाइगर की संख्या 27 थी। अब नई टाइग्रेस आने से सरिस्का में 28 टाइगर हो गए हैं। टी-134 को टहला की तरफ छोड़ा जाएगा। इसका कारण यह है कि इस तरफ अन्य बाघों का मूवमेंट नहीं है।

तीन साल की है बाघिन

रणथम्भौर की बाघिन T-93 की युवा शावक T-134 रणथम्भौर क्षेत्र में टेरिटरी की तलाश कर रही थी। इसकी उम्र करीब तीन साल से ज्यादा है। अभी तक यह बाघिन मां नहीं बनी है। इसलिए सरिस्का प्रशासन ने बाघिन को सरिस्का में शिफ्ट करने का फैसला लिया है। सरिस्का के अधिकारियों ने कहा कि बाघिन सरिस्का में बाघों का कुनबा बढ़ाएगी। सरिस्का में लंबे समय से बाघिन की जरूरत महसूस हो रही थी। ऐसे में दो बाघिन को सरिस्का में शिफ्ट किया जाएगा। एक बाघिन शिफ्ट करने की प्रक्रिया चल रही है। कुछ समय बाद एक और बाघिन को रणथम्भौर से सरिस्का लाया जाएगा।

मर्डर और लूट की वारदात का खुलासा, आरोपी गिरफ्तार

चांदी के कड़ों के लिए की थी बुजुर्ग महिला की नृशंस हत्या

बेधड़क | टोंक

देवली थाना क्षेत्र में करीब एक महीने पहले हुई बुजुर्ग महिला की हत्या के मामले में पुलिस ने आरोपी को गिरफ्तार कर लिया है। आरोपी महिला की हत्या करने के बाद मध्यप्रदेश के जंगलों में छिपा हुआ था। पुलिस ने आरोपी के कब्जे से करीब चांदी और अन्य सामान बरामद किया हैं। एसपी राजर्षि वर्मा ने बताया कि 2 फरवरी को गांवडी गांव की लादी देवी (58) मवेशी चराने सिरोही गांव में रोड के पास खेत की ओर गई थी, लेकिन देर शाम तक भी घर नहीं आई। इस पर परिजनों ने उसकी तलाश की तो वह खेत के एक छोर पर मृत मिली और उसके दोनों हाथ कटे हुए थे। घटना के बाद ग्रामीणों में आक्रोश फैल गया। पुलिस ने मामले में अज्ञात व्यक्ति के खिलाफ हत्या और लूट का मामला दर्ज कर जांच शुरू की।

मामले के खुलासे के लिए पुलिस ने मुखबिर के साथ ही तकनीकी टीम की मदद भी ली और आखिरकार बुजुर्ग महिला के हत्यारे को एमपी के जंगलों से गिरफ्तार किया गया। पुलिस की गिरफ्त में आया आरोपी भीलवाड़ा जिले के हनुमान

मध्यप्रदेश के जंगल में छिपा था हत्यारा, पुलिस ने ढूंढ निकाला

आरोपी के खलाफ कई मामले दर्ज

पुलिस ने बताया कि आरोपी रामकिशन उर्फ नरेश के खिलाफ पीपलू थाने में 8 मुकदमे, मेहंदवास थाने में 4 मामले समेत गंभीर धाराओं में 15 मामले दर्ज है। पुलिस ने आरोपी पर दो हजार का इनाम भी घोषित कर रखा है। वहीं पुलिस ने बताया कि इस मामले में कोई गवाह नहीं था और साक्ष्य भी बहुत कम थे। घटना स्थल से जो सबूत मिले थे, उनसे भी ज्यादा कुछ पता नहीं चल रहा था। लेकिन, पुलिस की टीम एक महीने तक लगातार प्रयास करती रही। टोंक के अलावा भी अन्य जिलों में आरोपियों की तलाश की गई और मामले में 500 से अधिक लोगों से पूछताछ की गई।

थाना क्षेत्र के टीकड़ गांव निवासी रामकिशन उर्फ नरेश पुत्र भूरा उर्फ भरल्या मोग्या है। पुलिस ने बताया कि 2 फरवरी को वह बुजुर्ग महिला लादी देवी के खेत के पास था। बुजुर्ग के हाथों में चांदी के कड़े और गले में मांदलिया देख उसकी नीयत बिगड़ गई। महिला जब खेत में चारा काट रही थी तो आरोपी ने चुपके से उसके सिर पर लाठी से वार किया और गला दबाकर उसकी हत्या कर दी। इसके बाद आरोपी ने चांदी के कड़े निकालने के लिए बुजुर्ग महिला के हाथ भी काट दिए।

ब्लाइंड मर्डर का खुलासा

विनोद सालवी हत्याकांड में 6 आरोपी गिरफ्तार

बेधड़क | चित्तौड़गढ़

हमीरगढ़ से पहले सोनियाणा पुलिया के पास 25 फरवरी को की गई विनोद सालवी की हत्या के मामले में पुलिस ने 6 बदमाशों को गिरफ्तार कर लिया है। मामले में आरोपी भावेश आहूजा उर्फ गुड्डू (23), प्रकाश उर्फ बीनू उर्फ पपला गुर्जर (19), प्रभु सिंह (21), पुष्पेंद्र सिंह (20), साहिल बैरागी (25) तथा मनीष उर्फ मोंटी निवासी थाना गंगरार को गिरफ्तार कर एक बाल अपचारी को निरुद्ध किया है। एसपी राजन दुष्यंत ने बताया कि 25 फरवरी को सोनियाणा पुलिया के पास एक अज्ञात व्यक्ति की लाश मिली थी। मृतक की पहचान विनोद सालवी के रूप

हुई। पुलिस ने बताया कि विनोद सालवी ऑनलाइन लोन दिलाने का काम करता था। घटना के दिन उसे अंतिम बार उसके दोस्त भावेश आहूजा के साथ देखा गया था। विनोद सालवी ने ऑनलाइन लोन दिलाने के नाम पर भावेश से 4 हजार रुपए लिए थे। विनोद ने ना लोन कराया और पैसे भी वापस नहीं लौटा रहा था। इस पर भावेश ने अपने साथियों के साथ मिलकर विनोद की हत्या कर डाली।

हनुमानगढ़ में ACB की कार्रवाई

महिला पटवारी दो हजार रुपए की रिश्वत लेती गिरफ्तार

बेधड़क | हनुमानगढ़

हनुमानगढ़ में भ्रष्टाचार निरोधक ब्यूरो की टीम ने कार्रवाई करते हुए महिला पटवारी को दो हजार रुपए की रिश्वत लेते हुए गिरफ्तार किया है। एसीबी के एडीजी हेमन्त प्रियदर्शी ने बताया कि परिवादी की ओर से हनुमागढ़ एसीबी को शिकायत दी गई थी। जिसमें बताया गया कि भूमि का नामांतरण खोलने की एवज में हनुमानगढ़ की मैनावाली ग्राम पंचायत लखूवाली की पटवारी कौशल्या देवी दो हजार रुपए की रिश्वत की मांग कर रही है। हनुमानगढ़ एसीबी के डीवाईएसपी रविन्द्र सिंह शेखावत ने शिकायत का सत्यापन कर ट्रैप की कार्रवाई को अंजाम दिया। टीम ने कार्रवाई करते हुए पटवारी कौशल्या देवी पत्नी संदीप कुमार जाट निवासी पोहड़का, तहसील रावतसर, जिला हनुमानगढ़ को परिवादी से 2 हजार रुपए की रिश्वत लेते हुए रंगे हाथों गिरफ्तार किया। एसीबी अब पटवारी के आवास और अन्य ठिकानों की तलाशी ले रही है।

कोटा एयरपोर्ट की एक और अड़चन हुई दूर

बेधड़क | कोटा

कोटा के ग्रीन फील्ड एयरपोर्ट के निर्माण में आ रही एक और बाधा दूर हो गई है। नेशनल टाइगर कन्जर्वेशन अथॉरिटी और नेशनल वाइल्ड लाइफ बोर्ड के अनुमोदन के बाद राज्य सरकार ने एयरपोर्ट की रामगढ़ टाइगर रिजर्व क्षेत्र में आ रही भूमि को डीनोटिफाई कर दिया है। कोटा ग्रीनफील्ड एयरपोर्ट के लिए चिन्हित भूमि में से 539.782 हेक्टेयर भूमि रामगढ़ विषधारी टाइगर रिजर्व क्षेत्र के बफर जोन में आ रही थी। इस भूमि के बफर जोन के बाहर नहीं आने के कारण एयरपोर्ट की फाइल अटक रही थी। इसकी जानकारी मिलने के बाद लोक सभा अध्यक्ष ओम बिरला ने करीब दो माह पहले केंद्र और राज्य की संबंधित एजेंसियों की बैठक लेकर इसका समाधान का रास्ता निकलवाया था। जिसके बाद नेशनल टाइगर कन्जर्वेशन अथॉरिटी और नेशनल वाइल्ड लाइफ बोर्ड के अनुमोदन से राज्य सरकार ने आदेश जारी कर इस 539.782 हेक्टेयर भूमि को बफर जोन से पूरी तरह बाहर कर दिया है।

कोर्ट ने आरोपियों को 7 दिन के रिमांड पर भेजा

गढ़ पैलेस म्यूजियम में चोरी करने वाले दो आरोपी गिरफ्तार

बेधड़क | कोटा

शहर के कैथूनीपोल थाना क्षेत्र स्थित गढ़ पैलेस म्यूजियम में चोरी के मामले में पुलिस ने दो बदमाशों को गिरफ्तार किया है। पुलिस अधीक्षक शरद चौधरी ने बताया कि चोरी के मामले में आरोपी प्रभात पांचाल (27) व अचिन जाटव (24) को गिरफ्तार किया है। दोनों आरोपी यूपी गाजियाबाद के रहने वाले हैं। दोनों को कोर्ट में पेश कर 7 दिन के रिमांड पर

लिया है। जिनसे चोरी के माल बरामदगी के बारे में पूछताछ की जा रही है। शरद चौधरी ने बताया कि कोटा से दिल्ली तक 400 से ज्यादा सीसीटीवी फुटेज खंगालकर आरोपियों को ट्रेस किया गया। उन्होंने बताया कि गैंग में कुछ और बदमाश भी शामिल हो सकते हैं, इस बारे में आरोपियों से पूछताछ की जा रही है। बता दें कि 26 फरवरी की रात को बदमाशों ने गढ़ पैलेस स्थित राव माधो सिंह म्यूजियम में सेंध लगा कर बेशकीमती सामान व एंटीक आइटम पार कर लिए थे। चोरी हुए सामानों में चांदी के हाथी जिनपर सोने की परत चढ़ी हुई थी। इसके अलावा 20 से ज्यादा एंटीक आइटम पर चोरों ने हाथ साथ किया था।

ब्लॉक स्तरीय प्रदर्शन में जुटे कांग्रेसी कार्यकर्ता

कांग्रेस का केंद्र के खिलाफ विरोध प्रदर्शन

बेधड़क | कोटा

कोटा में कांग्रेस की ओर से गुरुवार को केंद्र सरकार के खिलाफ प्रदर्शन किया गया। ब्लॉक स्तरीय प्रदर्शन में कांग्रेसी कार्यकर्ताओं ने केंद्र सरकार का पुतला भी फूंका। पीसीसी सदस्य कांग्रेस नेता अमित धारीवाल ने कहा कि केंद्र सरकार की गलत नीतियों के चलते देश की जनता महंगाई और बेरोजगारी का दंश झेल रही है। महंगाई के कारण आम जनता का जीना मुश्किल हो गया है। वहीं अब

मोदी सरकार करोड़ों देशवासियों की बचत को डकारने में लगी हुई है। केंद्र की ओर से अडाणी जैसे पूंजीपतियों को लाभ पहुंचाया जा रहा है। मोदी सरकार की इन्हीं गलत नीतियों के विरोध में कांग्रेस प्रदर्शन कर रही है। जिसके चलते कोटा के कुन्हाड़ी और स्टेशन ब्लॉक में कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने एसबीआई बैंक की शाखा के बाहर विरोध प्रदर्शन कर धरना दिया। अमित धारीवाल, ब्लॉक अध्यक्ष नेवालाल गुर्जर के नेतृत्व में विरोध प्रदर्शन किया गया।

वहीं स्टेशन पर ब्लॉक अध्यक्ष ललित शर्मा के नेतृत्व में कांग्रेसी कार्यकर्ताओं ने जमकर नारेबाजी की। इस मौके पर जिला अध्यक्ष रविंद्र त्यागी, कांग्रेस नेता डॉ. जफर मोहम्मद, पूर्व उपमहापौर राकेश सोरल, अनिल सुवालका सहित बड़ी संख्या में कांग्रेस कार्यकर्ता मौजूद रहे।

देशी-विदेशी पर्यटकों को सिटी दर्शन के लिए मिलेगी बस की सुविधा

अजमेर के विकास के लिए सरकार कृत संकल्प: राठौड़

बेधड़क | अजमेर

राजस्थान पर्यटन विकास निगम के अध्यक्ष धर्मेंद्र राठौड़ ने कहा कि राजस्थान सरकार अजमेर के विकास के लिए कृत सकंल्प है। निगम अध्यक्ष राठौड़ अजयमेरू प्रेस क्लब में मीट द प्रेस कार्यक्रम में पत्रकारों से मुखातिब हो रहे थे। उन्होंने पत्रकारों को होली पर आरटीडीसी की होटलों में आवास एवं रेस्टोरेंट्स बिल पर 50 फीसदी की छूट दिए जाने की घोषणा की थी। उन्होंने कहा कि आरटीडीसी होटल में अधिस्वीकृत पत्रकारों को रिसेप्शन पर परिचय पत्र दिखाने पर यह रियायत मिलेगी। राठौड़ ने

कहा कि अजमेर के में देशी विदेशी पर्यटकों को अजमेर सिटी दर्शन के लिए बस की सुविधा उपलब्ध कराई जाएगी। सरकार की उपलब्धियां गिनाते हुए उन्होंने कहा कि इंदिरा रसोई योजना, पुरानी पेंशन स्कीम, चिरंजीवी योजना बिजली के बिलों में कटौती, उज्जवला योजना में 500 रुपए में सिलेंडर की सौगात देकर कांग्रेस सरकार ने आमजन को राहत प्रदान की है।

राजस्थान के मुख्यमंत्री अशोक गहलोत ने जितनी कल्याणकारी योजनाएं प्रारंभ की है। देश के किसी भी प्रदेश में नहीं है। राठौड़ ने सरकार की प्रशंसा करते हुए कहा कि राजस्थान विधानसभा चुनाव 2023 में कांग्रेस की सरकार बनेगी।

चुनाव का फैसला हाईकमान करेगा

राठौड़ से जब पूछा गया कि आप अजमेर में सक्रिय हैं। क्या आप अजमेर उत्तर या पुष्कर विधानसभा से चुनाव लड़ेंगे ? तब उन्होंने कहा कि यह फैसला हाईकमान को करना है। अजमेर मेरा पैतृक जिला है, मेरा मुख्य उद्देश्य अजमेर में संगठन को मजबूत करना एवं अजमेर का विकास करना है। उन्होंने कहा कि वर्तमान में अजमेर जिले से कांग्रेस के दो विधायक हैं और कांग्रेस हाईकमान का प्रयास है कि आगामी चुनाव में 8 विधानसभा में से 6 विधानसभा सीटों पर कांग्रेस के प्रत्याशी विजयी हो, ऐसे प्रयास किए जा रहे हैं।

पर्यटन को बढ़ावा देने के लिए के किए जा रहे सार्थक प्रयास

उन्होंने कहा कि राजस्थान के मुख्यमंत्री अशोक गहलोत अजमेर एवं पुष्कर में पर्यटन को बढ़ावा देने के लिए सार्थक प्रयास कर रहे हैं । शीघ्र ही पुष्कर का कायाकल्प होगा। बजट 2023-24 में पुष्कर के लिए 101 करोड़ रुपए दिए हैं, जिसमें से पुष्कर के घाटों के जीर्णोद्धार, नवीनीकरण एवं सौंदर्यीकरण पर 80 करोड़, पुष्कर सरोवर में गंदे पानी की आवक को रोकने के लिए 11 करोड़ एवं पुष्कर को इंटरनेशनल सिटी बनाने के लिए 10 करोड़ रुपए दिए हैं। राजस्थान के मुख्यमंत्री अशोक गहलोत ने पुष्कर के योजनाबद्ध एवं चरणबद्ध विकास के लिए लगभग 500 करोड़ रुपए की योजनाओं को का अनुमोदन किया है, जिसके शीघ्र विकास एवं निर्माण कार्य प्रारंभ होंगे।

मातम में बदली खुशियां

बेटे-बेटी की शादी से पहले पिता को ट्रैक्टर ने कुचला

बेधड़क | नागौर

नागौर जिले में एक हादसे के बाद शादी वाले घर में मातम छा गया। जानकारी के मुताबिक जिले के डेगाना शहर के चांदारूण गांव में ओमप्रकाश जांगिड़ के बेटी और बेटे की शादी थी। लेकिन शादी से एक दिन पहले ही मेहंदी की रस्म वाले दिन ओमप्रकाश जांगिड़ की सड़क दुर्घटना में मौत हो गई। घटना के मुताबिक मंगलवार को शाम करीब 4 बजे ओमप्रकाश के ससुराल वाले भात लेकर पहुंचे थे और फिर संगीत कार्यक्रम होने के दौरान ओमप्रकाश दर्जी की दुकान से शादी के लिए कपड़े लेने स्कूटी से निकले लेकिन वापस लौटते समय एक ट्रैक्टर ने उन्हें टक्कर मार दी जिसके बाद वह बुरी तरह घायल हो गए और स्थानीय राजकीय अस्पताल में भर्ती करवाने के बाद डॉक्टरों ने उन्हें मृत घोषित कर दिया। इधर घरवालों ने ओमप्रकाश की मौत की खबर को उसके बेटा और बेटी से छुपाए रखी। बुधवार को ओमप्रकाश के बेटे दीपक की बारात नागौर के लिए रवाना हुई और बेटी ज्योति की बारात घर आई जहां दोनों की शादी संपन्न हुई। शादी होने के बाद परिजनों ने दोनों को पिता के मौत की खबर दी।

बियानी गर्ल्स कॉलेज में दीक्षांत व महिला दिवस समारोह का आयोजन: उल्लेखनीय कार्यों के लिए वुमन्स को किया सम्मानित

डिग्री पाकर खुशी से खिल उठे टॉपर रहीं स्टूडेंट्स के चेहरे

बेधड़क | जयपुर

हाथों में डिग्री और चेहरे पर खुशी कुछ ऐसा ही देखने को मिला विद्याधर नगर स्थित बियानी गर्ल्स कॉलेज में आयोजित दीक्षांत समारोह में। कॉलेज प्रिंसिपल डॉ. नेहा पाण्डेय ने बताया कि समारोह में सत्र 2019 से 2021 तक की कॉमर्स, सांइस, आईटी, सोशल सांइस और नर्सिंग की कुल 425 डिग्रियां प्रदान की गई।

कार्यक्रम के मुख्य अतिथि प्रोफेसर वी. वी. सिंह, प्रोफेसर एस एल शर्मा और प्रोफेसर दरियाव सिंह चुंडावत रहे।

कार्यक्रम में मुख्य अतिथि द्वारा प्रथम, द्वितीय एवं तृतीय स्थान पर रही छात्राओं को डिग्री प्रदान की गई। एकेडमिक डायरेक्टर डॉ. संजय बियानी ने सभी का आभार व्यक्त किया और सभी छात्राओं को उनके उज्जवल भविष्य की कामना करते हुए कहा कि उन्हें सबसे पहले एक अच्छा इंसान बनना होगा। वहीं इस अवसर पर कॉलेज की पास आउट छात्राओं ने कॉलेज की यादें अपने जूनियर्स और टीचर्स के साथ शेयर की। इसी के साथ अंतरराष्ट्रीय महिला दिवस के अवसर पर सम्मान समारोह का आयोजन भी किया गया। इसके अंतर्गत अपने-अपने क्षेत्र में विशेष योगदान देने वाली महिलाओं को सम्मानित किया गया।

जीवन के अनुभव शेयर किए

समारोह में शिल्पायम संस्थान की फाउंडर लक्ष्मी अशोक, राजस्थान विश्वविद्यालय की प्रोफेसर निमाली सिंह, रिर्माकबल एजुकेशन की सीईओ और फाउंडर प्राची गौर, गवर्नमेंट कॉलेज की एसोसिएट प्रोफेसर डॉ. प्रानु शुक्ला, ब्रह्मकुमारी ईश्वरीय विश्वविद्यालय की शीतल दीदी, एसोसिएट प्रोफेसर डॉ. वर्षा शर्मा और सेंटवावे संस्थान की निदेशक और फाउंडर शिवाली गुप्ता ने शिरकत की। सभी अतिथियों ने विद्यार्थियों के साथ अपने जीवन के अनुभव शेयर किए और बताया कि व्यक्तित्व के विकास में एकाग्रता, मेडिटेशन और सकारात्मकता का होना जरूरी है। साथ ही महिलाओं को दूसरों पर निर्भर ना रहकर खुद को सशक्त बनाने की आवश्यकता है।

Yuva स्टोरीज

केन्द्रीय विश्वविद्यालय में संगोष्ठी आज से | **जयपुर।** राजस्थान केन्द्रीय विश्वविद्यालय और भारतीय भाषा समिति, शिक्षा मंत्रालय भारत सरकार के संयुक्त तत्वावधान में दो दिवसीय राष्ट्रीय संगोष्ठी शुक्रवार से होगी। उद्घाटन समारोह के मुख्य अतिथि केंद्रीय संस्कृति एवं संसदीय कार्य मंत्री अर्जुनराम मेघवाल होंगे। संगोष्ठी का विषय 'भारतीय भाषा माध्यम से उच्च शिक्षा: चुनौतियां और संभावनाएं' हैं। केंद्रीय मंत्री अर्जुनराम मेघवाल ने भारतीय राजनीति में लोकतंत्र और सामाजिक न्याय को बढ़ावा देने के लिए सराहनीय काम किया है। उन्होंने भारतीय भाषा में शिक्षा को बढ़ावा देने और लोकतंत्र को मजबूत करने के लिए अपने प्रयासों से विभिन्न पुरस्कार भी प्राप्त किए हैं। कार्यक्रम के विशिष्ट अतिथि प्रो. रजनीश अरोड़ा, निदेशक, अंग्रेजी एवं विदेशी भाषा लखनऊ व अतिथि विधायक सुरेश टाक होंगे। कार्यक्रम की अध्यक्षता राजस्थान केन्द्रीय विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो. आनंद भालेराव करेंगे।

प्रोफेसर रश्मि जैन की अनुकरणीय पहल | जयपुर। राजस्थान विश्वविद्यालय की एक वरिष्ठ प्रोफेसर ने एक जरूरतमंद छात्रा की मदद कर सराहनीय कार्य किया है। प्रोफेसर रश्मि जैन पिछले 6 साल से एक ऐसी छात्रा की मदद कर रही हैं, जिसने अपना उच्च अध्ययन महारानी कॉलेज से किसी तरह प्रारंभ किया, लेकिन वह छात्रा अपनी पारिवारिक आर्थिक विषमताओं के चलते आगे पढ़ाई जारी रखने में स्वयं को असहाय महसूस कर रही थी। ऐसे में सोशियोलॉजी की प्रोफेसर रश्मि जैन उसकी मदद को आगे आई और उस छात्रा का शुल्क जमा करवाया। प्रोफेसर रश्मि जैन द्वारा जिस छात्रा की मदद का बीड़ा उठाया गया, उस छात्रा द्वारा हाल ही विश्वविद्यालय में संपन्न हुए दीक्षांत समारोह में तीन गोल्ड मेडल एक मेधावी छात्रा के रूप में प्राप्त किए। विश्वविद्यालय के जनसंपर्क अधिकारी डॉ.भूपेंद्र सिंह शेखावत ने बताया कि प्रोफेसर रश्मि जैन वरिष्ठ प्रशासनिक अधिकारी एवं मुख्य सचिव रहे एमएल मेहता की पुत्री हैं।

लोगों को स्वच्छता के लिए किया प्रेरित | जयपुर। कानोड़िया पी.जी. महिला महाविद्यालय की राष्ट्रीय सेवा योजना इकाई द्वारा आयोजित विशेष शिविर के दूसरे दिन 'रूट क्योर होम्योपैथिक' के संयुक्त तत्वावधान में पोस्ट कोविड चैकअप कैम्प का आयोजन किया गया। इसमें महाविद्यालय की स्वयंसेविकाओं, प्राध्यापिकाओं के साथ गोद ली गई बस्ती के लोगों ने कैम्प में लाभ उठाया। इसी के साथ स्वयंसेविकाओं की रचनात्मक कला को बढ़ावा देते हुए स्वयंसेविका कृतिका शर्मा द्वारा सरल केश सज्जा के विभिन्न आसान तरीके सिखाए गए। शिविर में स्वच्छता उद्देश्य, स्वच्छता को बढ़ावा देते हुए महाविद्यालय परिसर एवं आस-पास के क्षेत्र में स्वयंसेविकाओं ने स्वच्छता अभियान में सक्रिय रूप से भागीदारी ली एवं अपने आस-पास के क्षेत्र में लोगों को स्वच्छता के लिए प्रेरित किया।

उन्नत प्रौद्योगिकी के क्षेत्र में काम करने के लिए एमओयू

वनस्थली के विद्यार्थियों व टीचर्स को ट्रेनिंग देगा आरकैट

बेधड़क | जयपुर

राजीव गांधी सेंटर फॉर एडवांस्ड टेक्नोलॉजी (आरकैट) की ओर से गुरुवार को जयपुर सूचना केंद्र सभागार में अंतरराष्ट्रीय महिला दिवस के उपलक्ष्य में कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इसकी मुख्य अतिथि मुख्य सचिव उषा शर्मा थीं। इस दौरान आरकैट व वनस्थली विद्यापीठ के मध्य एक एमओयू हुआ। इसके तहत उन्नत प्रौद्योगिकी के क्षेत्र में आरकैट वनस्थली के विद्यार्थियों एवं शिक्षकों को ट्रेनिंग उपलब्ध कराएगा।

साथ ही उन्नत प्रौद्योगिकी के क्षेत्र में काम करने के इच्छुक विद्यार्थियों को अपने औद्योगिक भागीदारों के साथ सहयोग करेगा। कार्यक्रम में आरकैट की औद्योगिक भागीदार कंप्यूटर सॉफ्टवेयर कंपनी एडोब द्वारा ग्रामीण एवं स्वयं सहायता समूह की महिलाओं के लिए ग्राफिक डिजाइनिंग का पाठ्यक्रम शुरू किया गया।

इस अवसर पर मुख्य सचिव उषा शर्मा ने उपस्थित महिलाओं को अंतरराष्ट्रीय महिला दिवस की शुभकामनाएं देते हुए कहा कि महिलाओं को अपनी शक्ति और महत्व का एहसास होना चाहिए। उन्होंने कहा कि राजस्थान में शिक्षा, स्वास्थ्य, सुरक्षा,आईटी आदि क्षेत्रों में उल्लेखनीय कार्य हुए हैं। राज्य सरकार द्वारा महात्मा गांधी अंग्रेजी माध्यमिक स्कूल, महिलाओं की सेहत से जुड़ी आईएम शक्ति उड़ान योजना तथा मुफ्त जांच व दवाई योजना पूरे देश में मिसाल है।

मुख्य सचिव ने बताया कि राजस्थान आईटी के क्षेत्र में अभूतपूर्व प्रगति कर रहा है। राज्य की जन आधार योजना, इनक्यूबेशन सेंटर, डाटा सेंटर आदि इसके विशिष्ट उदाहरण है जिन पर पूरा देश गर्व कर रहा है। आरकैट उच्च श्रेणी की कंपनियों के साथ एमओयू साइन करके बेहतरीन फिनिशिंग स्कूल के रूप में उभरा है।

जल्द ही जुड़ेंगी माइक्रोसॉफ्ट व एप्पल जैसी कंपनियां

इस अवसर पर सूचना एवं प्रौद्योगिकी आयुक्त व आरकैट के एमडी आशीष गुप्ता ने बताया कि आरकैट 70 से अधिक रोबोटिक्स, ब्लॉकचेन आदि के क्षेत्रों में कोर्सेज का संचालन करता है व जल्द ही हर संभाग मुख्यालय में आरकैट शुरू कर दिया जाएगा। आरकैट की कार्यकारी निदेशक ज्योति लुहाडिया ने बताया कि आरकैट इंजीनियरिंग के विद्यार्थियों के साथ ही सामान्य स्नातक, महिलाओं के लिए भी अवसर उपलब्ध करा रहा है। उन्होंने बताया की आगामी सत्रों में माइक्रोसॉफ्ट, एप्पल जैसी कंपनियां भी आरकैट के साथ जुड़ेंगी। कार्यक्रम में आरकैट के क्विजाथन की विजेता महिलाएं ऑनलाइन एवं ऑफलाइन माध्यमों से जुड़ी। इस अवसर पर वनस्थली विद्यापीठ की कुलपति प्रोफेसर इना शास्त्री, सूचना एवं प्रोद्योगिकी विभाग की संयुक्त निदेशक विनीता श्रीवास्तव सहित आरकैट के विभिन्न पदाधिकारी एवं गणमान्य लोग उपस्थित थे।

आवेदन की अंतिम तिथि 19 मार्च

असम राइफल्स में निकली 616 पदों के लिए भर्ती

बेधड़क | जयपुर

असम राइफल्स में सरकारी नौकरी के लिए भर्ती निकली है। सरकारी नौकरी करने का सपना देख रहे युवाओं के लिए यह अच्छा मौका है। इस भर्ती के लिए अभ्यर्थी 19 मार्च तक आवेदन कर सकते हैं। सरकारी नौकरी की तैयारी में जुटे प्रतियोगी इस भर्ती के लिए आवेदन कर सकते हैं। खास बात यह है कि 12वीं पास युवा भी इस वैकेंसी के लिए अप्लाई कर सकते हैं। बता दें कि असम राइफल्स में ट्रेड्समैन और टेक्निकल के रिक्त पदों पर भर्ती निकली है। इस भर्ती के लिए दिए गए नोटिफिकेशन के अनुसार कुल 616 पदों पर भर्ती की जानी है, जिसमें 10वीं और 12वीं पास अभ्यर्थी आवेदन कर सकेंगे। 18 से 23 साल की उम्र तक के उम्मीदवार इसमें अप्लाई कर सकते हैं। उम्मीदवार का सिलेक्शन फिजिकल स्टेंडर्ड टेस्ट और फिजिकल एफिशिएंसी टेस्ट के आधार पर होगा। इसके लिए अभ्यर्थी को स्किल टेस्ट और रिटन टेस्ट देना होगा।

ऐसे करें आवेदन

सबसे पहले अभ्यर्थी को असम राइफल्स की ऑफिशियल वेबसाइट assamrifles.gov.in पर जाना होगा। यहां दिए गए लिंक पर जाकर सीधे आवेदन कर सकते हैं। बता दें कि चयनित अभ्यर्थियों को 29 हजार से 62500 रुपए तक वेतन मिलेगा।

यह होगी आवेदन की फीस

ग्रुप बी के लिए आवेदन की फीस 200 रुपए रखी गई है। ग्रुप सी के लिए आवेदन शुल्क 100 रुपए रखा गया है जबकि अनुसूचित जाति, अनुसूचित जनजाति, एक्स सर्विसमैन और महिलाओं को इसके लिए आवेदन फीस नहीं देनी होगी।

आईआईएम-यू | **प्री-प्लेसमेंट ऑफर में 30 फीसदी की बढ़ोतरी**

टॉप 50 फीसदी स्टूडेंट्स को मिला औसतन 24 लाख का पैकेज

बेधड़क | जयपुर

आईआईएम उदयपुर के एमबीए बैच के फाइनल प्लेसमेंट में औसत सीटीसी में 14 फीसदी की बढ़ोतरी हुई है। स्टूडेंट्स के प्लेसमेंट के दौरान उच्चतम सीटीसी 36 लाख रुपए रहा। बैच के शीर्ष 25 प्रतिशत स्टूडेंट्स को औसतन 28 लाख रुपए का सीटीसी प्राप्त हुआ है। इस दौरान टॉप 50 फीसदी स्टूडेंट्स को औसतन 24 लाख रुपए के पैकेज पर प्लेसमेंट मिला। वर्ष 2021-23 के पूरे बैच का औसत सीटीसी 20.3 लाख प्रति वर्ष रहा। वहीं आईआईएम उदयपुर का दावा है कि समर इंटर्नशिप के जरिए प्री-प्लेसमेंट ऑफर में 30 फीसदी की बढ़ोतरी हुई है। आईआईएम उदयपुर के निदेशक प्रोफेसर अशोक बैनर्जी ने कहा कि मुझे खुशी है कि हमारे छात्रों ने अपने फाइनल प्लेसमेंट में अभूतपूर्व सफलता हासिल की है। इससे आईआईएम को नई पहचान मिली है। उद्योग-प्रासंगिक पाठ्यक्रम, व्यावहारिक शिक्षा और सलाह पर हमारा ध्यान रंग लाया है और हमारे स्नातक अब विभिन्न क्षेत्रों में शीर्ष कंपनियों में प्लेसमेंट पाने में सफल हो रहे हैं। हम इस गति को बनाए रखने और अपने छात्रों को कौशल, ज्ञान और आत्मविश्वास से लैस करने के लिए समर्पित हैं ताकि वे अपने कॅरियर में उत्कृष्टता हासिल कर सकें और वैश्विक कारोबारी माहौल पर सकारात्मक प्रभाव डाल सकें।

ये कंपनियां हुई शामिल

अंतिम प्लेसमेंट के लिए कुछ प्रमुख री-विज़िटिंग रिक्रूटर्स में एक्सेंचर स्ट्रैटेजी, अमेजन, बैन एंड कंपनी, बजाज ऑटो, बीएनवाई, सिस्को, अर्न्स्ट एंड यंग, गोल्डमैन सैक्स, जनरल इलेक्ट्रिक, जेपीएमसी, मैकिन्से, पिडिलाइट, पीडब्ल्यूसी, वेल्स फार्गो आदि शामिल हैं। कुछ नए रिक्रूटर्स में अडानी ग्रुप, बैंक ऑफ अमेरिका, क्लियरिंग कॉरपोरेशन ऑफ इंडिया, एवरेस्ट ग्रुप, गोदरेज एंड बॉयस, ओरिएंट इलेक्ट्रिक, एसबीआई कैपिटल मार्केट्स, श्नाइडर इलेक्ट्रिक, शालिना हेल्थकेयर, स्टेट स्ट्रीट और टाइम्स ग्रुप शामिल हैं।

पर्दे के पीछे निरंकुशता का बड़ा खेल

चीन पर शी जिनपिंग का शिकंजा

डॉ. रामावतार शर्मा
स्वतंत्र टिप्पणीकार

चीन के राष्ट्रपति शी जिनपिंग ने अभी कुछ समय पहले अपने विदेश मंत्री को अपदस्थ कर क्विन गांग को नया विदेश मंत्री नियुक्त किया है। नव नियुक्त विदेश मंत्री ने पहला हमला संयुक्त राज्य अमेरिका पर बोला, जिसमें उन्होंने आरोप लगाया कि अमेरिका और यूरोपियन संघ चीन की प्रगति बर्दाश्त नहीं कर पा रहे हैं और वे मिल कर चीन को आर्थिक स्तर पर कमजोर करना चाहते हैं। विदेश मंत्री ने यह भी दावा किया कि रूस और यूक्रेन युद्ध को चीन ही समाप्त करवा सकता है क्योंकि अमेरिका अपनी विश्वसनीयता खो चुका है। चूंकि चीन और रूस इस समय एक दूसरे पर पूरी तरह से निर्भर हैं तो वे अच्छे मित्र बन गए हैं।

रूस को अपनी गैस और अपना तेल बेचना है। रूस के चीन से सटे क्षैत्र में सैंकड़ों चीनी व्यापारियों ने अपने प्रतिष्ठान स्थापित कर रखे हैं। चीन में तेल और गैस की बड़ी कमी है इसलिए उसे रूस से प्रेम प्रासंगिक लगता है। चीन के विदेश मंत्री ने घोषणा की कि उनका देश ताइवान को आक्रमण की बजाय शांति और सुलह से अपने में शामिल करना चाहता है और इस मुद्दे पर किसी युद्ध के पक्ष में नहीं है। पर यहां ध्यान रखना पड़ेगा कि चीन ने ताइवान पर अपने अधिकार को त्यागा नहीं है।

चीन एक तेजी से परिवर्तित होता देश है। एक जमाना था जब चीन की हर दीवार माओ त्से तुंग के पोस्टरों से भरी रहती थी। निरंकुश शासक की सदा एक बड़ी इच्छा रहती है कि उसके देश में कोई भी अच्छा या ठीक ठाक कार्य हो रहा हो तो उसका श्रेय उसी को मिलना चाहिए। उदाहरण के तौर पर यदि कोई खिलाड़ी रात दिन परिश्रम करके ओलंपिक गोल्ड मेडल जीत लेता है तो बधाई के पोस्टर में खिलाड़ी तो ऊपर कहीं कोने में होगा पर निरंकुशता का स्वप्न पाले नेता जी की फोटो बधाई देते हुए प्रमुखता से लगेगी।

मनोवैज्ञानिक मानते हैं कि ऐसा विश्व का हर निरंकुश शासन की आकांक्षा करने वाला नेता अपने स्वभाव में रखता है। माओ के कार्यकाल में ही सांस्कृतिक क्रांति के नाम पर चांडाल चौकड़ी यानि गैंग ऑफ फोर ने चीन में अनगिनित लोगों को मार डाला या उनकी जिंदगी तबाह कर दी। चूंकि धरती पर कुछ भी स्थाई नहीं है तो एक समय आया जिसमें चांडाल चौकड़ी का खात्मा हुआ और चीन एक विशिष्ट कक्षा में पहुंचा।

चीन में दो बड़े उदार नेता उभरे जिनकी वजह से ही चीन आज जहां है वहां पहुंचा। ये दोनों नेता चूंकि उदार, समझदार और तर्क के आधार पर कार्य करते थे तो उनको लोगों ने याद तक नहीं रखा। चीन में माओ काल के उथलपुथल को संभालने का कार्य उस समय के राष्ट्रपति हू जिन ताओ और प्रधानमंत्री वेन जिआबाओ ने किया था। ये दोनों सहकारिता और सहभागिता में विश्वास करते थे। इनके कार्यकाल में सारे निर्णय सर्वसम्मति से लिए जाते थे जिसमें चीन की कम्यूनिस्ट पार्टी के पॉलिटब्यूरो की स्थाई समिति के सभी लोगों को बोलने का पूर्ण अधिकार रहता था। शी जिनपिंग इसी के एक सदस्य हुआ करते थे।

यह समय 2002 से 2009 के बीच का था। चूंकि पूरी कम्युनिस्ट पार्टी एक बड़े कॉरपोरेट की तरह से वृहद विचार विमर्श तथा सर्वसम्मति से चलती थी तो चीन के राजनीतिक निर्णयों में विविधता आई। यही कारण रहा कि इस समय ने चीन में जबरदस्त आर्थिक प्रगति की, दुनिया भर के लिए सामान बना कर निर्यात के नए कीर्तिमान पैदा किए। पूरा पॉलिटब्यूरो एक टीम की तरह कार्य करता था जिसमें राष्ट्रपति हू जिन ताओ का कोई गुणगान नहीं होता था हालांकि उन्हें सर्वोपरी जरूर माना जाता था।

उस दौर में भी चीन अपने नागरिकों को विश्व से अलग रख रहा था। गूगल तक पहुंचना बहुत मुश्किल था पर कुछ बाधाओं के बाद पहुंचा जा सकता था। चीन पर पर्दा तब भी था पर जरा पतला था, थोड़े प्रयास व धीरज के बाद बाहर का कुछ हिस्सा देखा जा सकता था। यही कारण था जिसके फलस्वरूप चीन में सत्ता का हस्तांतरण शांतिपूर्वक हो गया, जिसमें हू जिन ताओ की जगह शी जिनपिंग राष्ट्रपति बने। सत्ता में आते ही शी ने चतुराई से अपने ही मित्रों एवं सहयोगियों की छंटनी करनी शुरू कर दी। भ्रष्टाचार विरोधी एजेंसी की आड़ में संभावित प्रतिद्वंद्वियों को समाप्त कर दिया, जिसमें जेल भेजना, अपदस्थ करना या फिर महत्वहीन बना देना शामिल था। पार्टी के 393 उच्च स्तरीय और 631,00 मध्य तथा निम्न स्तरीय लोगों का पत्ता साफ कर जिनपिंग ने पूरी पार्टी को अपनी मुट्ठी में कर लिया। लोगों को जब तक पता चलता तब तक खुद को सब नियमों से मुक्त करवा लिया, तीसरी बार राष्ट्रपति घोषित हो गए तथा उम्र के दायरे से मुक्त भी। सत्ता पर शी जिनपिंग का लोह शिकंजा पूरी तरह से कसा जा चुका है।

चीन चूंकि एक निर्यात आधारित अर्थव्यवस्था है तो उसे अंतरराष्ट्रीय संबंध मधुर रखने चाहिए थे परंतु उसने प्रमुख आयातक अमेरिका, यूरोपियन यूनियन तथा भारत तीनों से ही कटुता पैदा कर ली जिसके कारण इन सब जगहों से उसे कई प्रतिबंधों का सामना करना पड़ा। चीन खुद अपारदर्शी रह कर औरों से पूर्ण पारदर्शिता की उम्मीद करने लगा जो संभव नहीं है। आज चीन में गूगल, व्हाट्सएप, ट्वीटर, फेसबुक आदि कुछ भी कार्य नहीं करते हैं। ऐसे में कोई भी चीन से दीर्घकालीन व्यापारिक संबंध कैसे रख सकता है? इसी के परिणामस्वरूप वियतनाम, थाईलैंड, इंडोनेशिया तथा थोड़ी मात्रा में भारत जैसे देशों में चीन से व्यापार स्थानांतरित होने लगा है।

आज चीन का भवन निर्माण उद्योग बुरी हालत में है जो रोजगार का एक बहुत बड़ा क्षेत्र होता है। युवा लोगों में काफी बेरोजगारी है जिसके कारण असंतोष के स्वर हाल ही में शून्य कोविड नीति के विरोध के रूप में सामने आए हैं। यह नासमझी से भरी नीति शी और उसके नजदीकी लोगों की जिद के कारण जबरदस्ती लागू की गई थी जिसमें पूरी जनता को भेड़ बकरियां बना दिया गया था। जानकर लोगों का कहना है कि हू जिन ताओ और वेन जियाबाओ द्वारा बनाई गई कूटनीति आधारित दूरदर्शी आर्थिक नीति को जिनपिंग ने पूरी तरह त्याग दिया है। अभी चंद महीने पहले हुई चीन की कम्यूनिस्ट पार्टी की आम सभा से पूर्व राष्ट्रपति हू जिन ताओ को सुरक्षाकर्मी बाहर ले जाते दिखे थे। उसके बाद पूर्व राष्ट्रपति के बारे में कोई समाचार नहीं हैं। कुछ ऐसा ही चीन के उद्धमी तथा अंतरराष्ट्रीय ख्याति प्राप्त अली बाबा के जैक मा के साथ हुआ। सरकार की मामूली आलोचना ने अली बाबा और मा को तकरीबन गायब सा कर दिया है।

इतना ही नहीं, चीन की सरकारी कंपनियों की गिरती आय को बचाए रखने के लिए सरकार ने 111 लिस्टेड कंपनियों का उनमें विलय कर दिया ताकि उनको नफे में दिखाया जा सके। सत्य पर पर्दा डालने के लिए अब राष्ट्र प्रेम को प्रमुखता से प्रचारित किया जा रहा है। लोगों को बताया जा रहा है कि प्राचीन काल में चीन सर्वश्रेष्ठ संस्कृति थी तो भविष्य भी चीन का होगा। हर शासक जो निरंकुश होना चाहता है वह बीते समय की महानता और भविष्य के सुहाने सपनों की बातें करके जनता को भ्रमित करने में महारथ हासिल किए होता है। जिनपिंग का प्रशासन ऐसा ही कुछ कर रहा है परंतु तकनीकी हस्तांतरण पर अमरीकी प्रतिबंध उसके इन प्रयासों को धूमिल कर सकता है। अमेरिका और उसके साथी कभी भी विश्व पर अपनी पकड़ कमजोर नहीं होने देंगे। कोई भी देश यदि एक सीमा से आगे विकसित या शक्तिशाली होगा तो उसके मार्ग में बड़ी बाधाएं उत्पन्न की जायेंगी फिर चाहे वह उनका मित्र देश ही क्यों न हो। जापान जब एक प्रबल अर्थव्यवस्था बना तो उसके सामने अमेरिका ने ही तो चीन को उभारा था जिसके कारण आज जापान एक लंबे संघर्ष से गुजर रहा है।

शी जिनपिंग चाहते हैं कि वे विश्व से तो व्यापक स्तर पर व्यापार करें पर अपने देश को एक लोह परदे के पीछे रखें। आज के तकनीकी दौर में ऐसा संभव नहीं है। जिनपिंग की इसी नीति का परिणाम है कि चीन की जी डी पी पांच प्रतिशत तक पहुंचने के लिए संघर्षरत है। अब देखना यह होगा कि आक्रामक राष्ट्रवाद और प्राचीन गौरव के सहारे कब तक बेरोजगार युवा लोगों के सपनों को दबा कर रखा जा सकता है।

(ये लेखक के अपने विचार हैं)

चीन पर पर्दा तब भी था पर जरा पतला था, थोड़े प्रयास व धीरज के बाद बाहर का कुछ हिस्सा देखा जा सकता था। यही कारण था जिसके फलस्वरूप चीन में सत्ता का हस्तांतरण शांतिपूर्वक हो गया, जिसमें हू जिन ताओ की जगह शी जिनपिंग राष्ट्रपति बने। सत्ता में आते ही शी ने चतुराई से अपने ही मित्रों एवं सहयोगियों की छंटनी करनी शुरू कर दी। भ्रष्टाचार विरोधी एजेंसी की आड़ में संभावित प्रतिद्वंद्वियों को समाप्त कर दिया, जिसमें जेल भेजना, अपदस्थ करना या फिर महत्वहीन बना देना शामिल था। पार्टी के 393 उच्च स्तरीय और 631,00 मध्य तथा निम्न स्तरीय लोगों का पत्ता साफ कर जिनपिंग ने पूरी पार्टी को अपनी मुट्ठी में कर लिया।



लोगों को बताया जा रहा है कि प्राचीन काल में चीन सर्वश्रेष्ठ संस्कृति थी, तो भविष्य भी चीन का होगा। हर शासक, जो निरंकुश होना चाहता है वह बीते समय की महानता और भविष्य के सुहाने सपनों की बातें करके जनता को भ्रमित करने में महारथ हासिल किए होता है। जिनपिंग का प्रशासन ऐसा ही कुछ कर रहा है, परंतु तकनीकी हस्तांतरण पर अमरीकी प्रतिबंध उसके इन प्रयासों को धूमिल कर सकता है।

व्यंग्य

गई भैंस पानी में

रेखा शाह
व्यंग्यकार

दुनिया में कुछ लोगों की किस्मत बहुत अच्छी होती है और वहीं पर कुछ लोगों की किस्मत उन्हें धूल फांकने पर मजबूर करती है। कुछ लोग लोहे को भी छूते हैं तो सोना हो जाता है और कुछ लोग सोने को छू लें तो लोहा हो जाता है। अपनी-अपनी किस्मत अपना अपना भाग्य... मैं भी इसी दुनिया की प्राणी हूं मुझे ऐसा लगता है... सबकी किस्मत भगवान ने सोने के कलम से लिखी और मेरी बारी पर उन्होंने नरकट का कलम उठा लिया। अब भगवान तो भगवान हैं, भगवान पर सवाल कौन उठा सकता है! और क्यों उठाना है! जरूर मेरे ही कर्म कांडों में कुछ घपला और घोटाला रहा होगा... हालांकि मैं सुधारने की बहुत कोशिश करती हूं लेकिन अफसोस इस बात का होता है कि मेरे लाख प्रयत्न करने के बाद भी हमेशा मेरी ही भैंस जा कर पानी में बैठ जाती है।

मेरे पास मेहनत रूपी लाठी भी है, फिर भी पता नहीं क्यों मेरी भैंस हमेशा दगा दे जाती है। मैं उससे हमेशा कहती हूं, अरे बैठना है तो जाकर कुतुब मीनार पर बैठ... ताकि सारी दुनिया पर नजर रख सके, संसद में बैठ... अपने देश के महानुभाव सारे वहीं बैठते हैं और कुछ उनसे जीवन जीने के तरीके सीख कर आजा... थोड़ा जीवन जीना आसान हो जाएगा! इंडिया गेट पर जाकर बैठ जा... और दो चार सेल्फी खींच कर लेकर आ जा... सोशल मीडिया पर लगाकर थोड़ा इतराऊंगी... चांद पर जा कर बैठ जा... ताकि मुझे भी अपनी जिंदगी में कुछ गर्व महसूस हो और मैं भी कह सकूं कि मैंने अंतरिक्ष की यात्रा की है। लेकिन यह मेरी ख्याली बिरयानी है जिसे बनाना भी खुद है, खाना भी खुद है और जबरदस्ती स्वाद भी लेना है। लेकिन मेरे चाहने और नहीं चाहने से कुछ नहीं होने वाला उसे तो जाकर कीचड़ में सराबोर होना है। कई-कई बार मैं सोच में पड़ जाती हूं... अब आगे और क्या ?अब क्या? और मैंने सुना है... स्त्री को नैहर से भैंस को ढैहर से निकलने में समय लगता है। स्त्री के बारे में तो यह बात सही है कि उन्हें तैयार सिंगार पटार करने में बहुत ज्यादा समय लगता है लेकिन इसे कौन सा लाली लिपस्टिक लगाना है इसीलिए अब यह मान चुकी हूं... चाहे मैं भैंस के आगे कितनी भी बीन बजाऊं... भैंस खड़ी होकर पगुराएगी ही... इसीलिए खुद ही मानना पड़ा की मैं कितना भी छान पगहा तुड़ा लूं... होना वही है जो राम रचि राखा... और भला रामजी किसी का बुरा क्यों चाहेंगे रामजी तो सबके हैं। जिस तरह मेरी भैंस महारानी को कीचड़ से बाहर निकलने में समय लगता है उससे तो मुझे कभी-कभी शंका आशंका होती है कहीं ऐसा तो नहीं अपोजिशन वालों ने इसे चोरी चुपके हरा चारा खिलाया है।

अपने देश में खाने और खिलाने की परंपरा बहुत समृद्ध है... पर भैंस महारानी इस देश की अर्थव्यवस्था चाहे जो कोई भले चलाता हो मेरे घर की अर्थव्यवस्था तो तुम्हारे कारण ही चलती है और ऐसी गैर जिम्मेदाराना हरकत तुम्हें भला क्या शोभा देती है! तुम्हारे कारण लोग मुझ पर सवाल उठा रहे हैं कि मैं तुम्हारी परवाह नहीं करती... मैं तुम्हारा ख्याल नहीं रखती... तुम्हारे सुख-दुख में सांझी नहीं हूं... यह सब अफवाह की बातें हैं और अफवाह गलत होती है। चाहे तुम्हारा मन कीचड़ में बैठने का करें, चाहे पानी में जाने का मन करें लेकिन ऐसा नहीं करना जैसे पाकिस्तान की भैंस पानी में चली गई है निकलने का नाम ही नहीं ले रही... और उन्हें गधों के भरोसे जिंदा रहना पड़ रहा है। हम भारत देश के वासी हैं, हमें गधों के भरोसे गधा नहीं बनना है।



मल्लिकार्जुन खड़गे, कांग्रेस अध्यक्ष
@kharge
कांग्रेस की राजस्थान सरकार ने 9.3 करोड़ "इंदिरा रसोई योजना" थालियों द्वारा जनता को पौष्टिक आहार प्रदान किया है। हमारा प्रण - "कोई भूखा ना सोए"...इसीलिए जन-जन को मिले केवल ₹8 में भोजन !! कांग्रेस सरकार = जन-सरोकार !

अनुपम खेर, अभिनेता
@AnupamPKher
जानता हूं "मृत्यु ही इस दुनिया का अंतिम सच है!" पर ये बात मैं जीते जी कभी अपने जिगरी दोस्त सतीश कौशिक के बारे में लिखूंगा, ये मैंने सपने में भी नहीं सोचा था।45 साल की दोस्ती पर ऐसे अचानक पूर्णविराम !! Life will NEVER be the same without you SATISH ! ओम् शांति!

अरुण गोविल, अभिनेता
@arungovil12
जिस प्रकार राष्ट्र की रक्षा के लिए शस्त्र उठाना आवश्यक है, उसी प्रकार धर्म की रक्षा के लिए शास्त्र पढ़ना आवश्यक है। जय श्री राम।

विवेक बिंद्रा, उद्यमी
@DrVivekBindra
सफलता की शुरुआत खुद में निवेश करने से होती है।

अक्षय कुमार, अभिनेता
@akshaykumar
चंदा मामा चले गए। सतीश कौशिक जी के निधन के बारे में सुनकर गहरा दुख हुआ। मिस्टर एंड मिसेज खिलाड़ी के सेट पर उनके द्वारा लाई गई सहज हंसी के लिए उन्हें याद किया जाएगा। मुझे यकीन है कि वह पहले से ही स्वर्ग में सभी के चेहरे पर हंसी मुस्कुराहट ला रहे होंगे। ओम शांति!

नॉलेज कॉर्नर: 100 साल पहले दो किसानों से बनाई थी यह मशीन

घोड़ों द्वारा चलाया जाता था 'बुलडोजर'

जब से उत्तरप्रदेश में योगी की सरकार आई है तब से एक नाम सबसे अधिक चर्चित रहा और वो है बुलडोजर। नाम तो इसके और भी कई हैं लेकिन लोगों को इसका यही नाम सबसे अधिक पसंद आया। अब ये नाम इस तरह चर्चा में क्यों आया इससे सभी वाकिफ हैं, लेकिन सोचने वाली बात यह है कि एक मशीन जिसे मलबा हटाने और अतिक्रमण हटाने के लिए काम में लिया जाता है। अचानक वही मशीन किसी सरकार की पहचान बन जाती है। इतना ही नहीं उत्तरप्रदेश के मुख्यमंत्री को तो बुलडोजर बाबा भी कहा जाने लगा। खैर आज के कॉर्नर में जानेंगे एक और नया टॉपिक बुलडोजर का इतिहास...

बुलडोजर का इतिहास

शुरुआत में बुलडोजर को खेती से संबंधित कार्यों में ही काम में लिया जाता था, खासतौर पर जुताई के लिए। सबसे पहले बुलडोजर को दो किसानों ने मिलकर डिजाइन किया था। जिनका नाम जेम्स कमिंग्स और ड्राफ्ट्समैन जे. अर्ल मैकलियोड था। दोनों ने मिलकर वर्ष 1923 में बुलडोजर के लिए पहला डिजाइन बनाया था। इसके बाद जेम्स और ड्राफ्ट्समैन ने मॉरोविले के कंसास में एक सिटी पार्क में इसकी प्रतिकृति प्रदर्शित की। 18 दिसंबर 1923 को

दोनों ने इसका यू.एस. #1,522,378 पेटेंट करवा लिया। शुरुआत में जेसीबी को ट्रैक्टर में जोड़कर काम में लिया गया। 6 जनवरी 1925 को सबसे पहले इसे ट्रैक्टर में जोड़ा गया। वर्ष 1920 तक इस तरह के वाहन आम हो गए थे। 1940 के दशक में इसका उपयोग नहरों को खोदने, मिट्टी के बांध बनाने और भारी-भरकम मिट्टी को हटाने के लिया किया जाने लगा।

जेसीबी के बारे में

यह बाकी वाहनों से इसलिए अलग है, क्योंकि यह भारी भरकम वस्तु या मलबे को भी धक्का मारने में सक्षम है। यह मशीन उबड़-खाबड़ रास्तों में भी आसानी से चल जाती है। बुलडोजर को डोजर, क्रॉलर और जेसीबी भी कहा जाता है। जो कि मोटर से चालने वाली मशीन है। इसका मुख्य कार्य निर्माण कार्य के दौरान मिट्टी, रेत, मलबे व चट्टान जैसी सामग्री को हटाना है। मशीन के आगे लगी धातु की ब्लेड मलबा धकेलने के काम आती है। इसका सबसे खास उपकरण रिपर है, जो कि हुक जैसा दिखाई देता है। इसका उपयोग बड़े से बड़ी सामग्री को हटाने के लिए किया जाता है। इस मशीन का इस्तेमाल सड़क निर्माण, खनन-उत्खनन, खेतों में, भारी उद्योग कारखानों में तथा सैन्य अनुप्रयोगों में किया जाता है।

घोड़ों से खींची जाती थी मशीन

जब इसे बनाया गया था तब एक स्थान से दूसरे स्थान पर ले जाने के लिए घोड़ों और ट्रैक्टर का इस्तेमाल किया जाता था। क्योंकि यह एक स्थान से मूव नहीं कर सकता था। इसका बुलडोजर नाम केवल एक मोटर चालित वाहन को संदर्भित करता है। ब्लेड और रिपर इसके मुख्य उपकरण हैं।

कंटेंट: सुप्रिया सरकार

टिपरा मोथा प्रमुख प्रद्योत देव बर्मन की गृह मंत्री अमित शाह के साथ मुलाकात के बाद त्रिपुरा सीएम ने किया स्पष्ट

ग्रेटर टिपरालैंड की मांग का कभी समर्थन नहीं करेगी भाजपा: साहा

एजेंसी | अगरतला

त्रिपुरा के मुख्यमंत्री माणिक साहा ने केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह और टिपरा मोथा सुप्रीमो प्रद्योत किशोर देब बर्मन के बीच यहां एक उच्च स्तरीय बैठक के एक दिन बाद गुरुवार को कहा कि भाजपा नीत सरकार टिपरालैंड या ग्रेटर टिपरालैंड जैसी मांगों का कभी समर्थन नहीं करेगी। ग्रेटर टिपरालैंड की मांग करने वाली क्षेत्रीय पार्टी टिपरा मोथा ने 2023 का विधानसभा चुनाव लड़ा और 60 सदस्यीय त्रिपुरा विधानसभा में 13 सीटें जीतकर दूसरी सबसे बड़ी

पार्टी के रूप में उभरी। मुख्यमंत्री ने दोहराया कि जनजातीय कल्याण भाजपा-आईपीएफटी सरकार के लिए प्राथमिकता वाला क्षेत्र होगा। भाजपा-आईपीएफटी सरकार 2023 के विधानसभा चुनावों से पहले पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष द्वारा जारी दृष्टिकोण पत्र पर काम करेगी। वर्ष 2024 के लोकसभा चुनावों में पार्टी की संभावनाओं के पर मुख्यमंत्री ने दावा किया कि भाजपा न केवल त्रिपुरा में बल्कि पूरे पूर्वोत्तर में बेहतर प्रदर्शन करेगी।

वार्ताकार की नियुक्ति पर नहीं हुआ कोई फैसला, जनजातीय कल्याण पर हुई चर्चा

मुख्यमंत्री ने कहा, मूल निवासियों की सामाजिक-आर्थिक स्थिति को कैसे ऊपर उठाया जाए, इसे लेकर हमने जनजातीय कल्याण पर चर्चा की। बैठक में वार्ताकार नियुक्त करने का कोई निर्णय नहीं लिया गया, लेकिन जनजातीय कल्याण पर चर्चा हुई। केंद्रीय गृह मंत्री और भाजपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष जे पी नड्डा के साथ बैठक के तुरंत बाद, टिपरा मोथा सुप्रीमो ने दावा किया था कि केंद्र सरकार सुधारात्मक उपाय करने के लिए जनजातीय लोगों की समस्याओं के मद्देनजर आधिकारिक तौर पर एक वार्ताकार नियुक्त करेगी।

मेघालय: थॉमस ए. संगमा निर्विरोध स्पीकर निर्वाचित

शिलांग। मेघालय में सत्तारूढ़ नेशनल पीपुल्स पार्टी नीत गठबंधन एमडीए के वरिष्ठ नेता थॉमस ए. संगमा गुरुवार को 11वीं विधानसभा के अध्यक्ष निर्विरोध चुने गए। राज्यसभा के पूर्व सदस्य संगमा के खिलाफ विपक्षी दलों कांग्रेस, तृणमूल कांग्रेस और वॉयस ऑफ द पीपल्स पार्टी ने कोई उम्मीदवार नहीं उतारा था।

मोदी का कद सबसे बड़ा, पूर्वोत्तर में हर कोई उन्हें पसंद करता है

गुवाहाटी। असम के मुख्यमंत्री हिमंत विश्व सरमा ने गुरुवार को दावा किया कि पूर्वोत्तर में चुनाव लड़ने वाले सभी राजनीतिक दलों को यह समझ लेना चाहिए कि अंततः उन्हें भाजपा का समर्थन करना ही होगा। शर्मा ने यहां संवाददाताओं से बातचीत करते हुए यह भी कहा कि देश के नेताओं में प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी का कद सबसे बड़ा है और इस क्षेत्र में हर कोई उन्हें पसंद करता है।

सोनितपुर में एक कार्यक्रम में मौजूद सीएम हिमंत।

नगालैंड में जनता दल यूनाइटेड और राष्ट्रवादी कांग्रेस पार्टी द्वारा नेशनलिस्ट डेमोक्रेटिक प्रोग्रेसिव पार्टी (एनडीपीपी) और भाजपा गठबंधन वाली सरकार को समर्थन देने के बारे में पूछे जाने पर उन्होंने कहा, पूर्वोत्तर में प्रवेश करने से पहले सभी दलों का यह समझ लेना चाहिए कि जल अंततः समुद्र में ही मिलता है। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी का कद सबसे बड़ा है और सभी उन्हें पसंद करते हैं। सरमा पूर्वोत्तर जनतांत्रिक गठबंधन (एनईडीए) के संयोजक भी हैं।

सांसद सुमालता आज भाजपा में हो सकती हैं शामिल

बेंगलुरु/विजयापुरा। कर्नाटक में विधानसभा चुनावों से पहले मांड्या सीट से लोकसभा सदस्य सुमालता अंबरीश के भाजपा में शामिल होने की अटकलों के बीच मुख्यमंत्री बसवराज बोम्मई ने गुरुवार को कहा कि इस संबंध में बातचीत चल रही है। खबरों के मुताबिक निर्दलीय सांसद सुमालता शुक्रवार को मांड्या में संवाददाता सम्मेलन में भाजपा में शामिल होने के फैसले की घोषणा कर सकती हैं। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की 12 मार्च को मांड्या की निर्धारित यात्रा से पहले यह घोषणा हो सकती है।

मोदी मद्दुर तालुक के गेज्जालगेरे में बेंगलुरु-मैसूर एक्सप्रेस-वे का उद्घाटन करने और वहां एक जनसभा को संबोधित करने के लिए आएंगे। उनके मांड्या में डेढ़ किलोमीटर लंबे रोड शो में भी हिस्सा लेने की संभावना है।

लोकायुक्त पुलिस के समक्ष पेश हुए भाजपा विधायक

बेंगलुरु। रिश्वत मामले में आरोपी भाजपा के विधायक एम. विरुपक्षप्पा गुरुवार को यहां लोकायुक्त पुलिस के समक्ष पेश हुए। वकीलों और पुलिसकर्मियों से घिरे, दावणगेरे में चन्नागिरी निर्वाचन क्षेत्र से विधायक विरुपक्षप्पा लोकायुक्त कार्यालय पहुंचे। कर्नाटक सोप ऐंड डिटर्जेंट लिमिटेड (केएसडीएल) के अध्यक्ष के पद से इस्तीफा देने वाले विरुपक्षप्पा पर अपने बेटे के जरिए, केएसडीएल को कच्चा माल आपूर्ति करने वाले ठेकेदार से रिश्वत लेने का आरोप है।

लोकायुक्त अधिकारियों ने विरुपक्षप्पा के बेटे प्रशांत कुमार एम. वी. को दो मार्च को केएसडीएल कार्यालय में एक ठेकेदार से कथित रूप से 40 लाख रुपये रिश्वत लेते हुए गिरफ्तार किया था।

दिल्ली आबकारी नीति मामला

मनीष सिसोदिया को अब ईडी ने किया गिरफ्तार

एजेंसी | नई दिल्ली

प्रवर्तन निदेशालय ने दिल्ली आबकारी नीति में कथित अनियमितता से संबंधित धन शोधन के आरोपों को लेकर गुरुवार को आम आदमी पार्टी (आप) के नेता और दिल्ली के पूर्व उपमुख्यमंत्री मनीष सिसोदिया को गिरफ्तार कर लिया। आधिकारिक सूत्रों ने यह जानकारी दी।उन्होंने कहा कि 51 वर्षीय नेता को धन शोधन निरोधक कानून (पीएमएलए) के तहत तिहाड़ जेल में दूसरे दौर की पूछताछ के बाद गिरफ्तार किया गया। जांच एजेंसी ने आरोप लगाया कि सिसोदिया अपने जवाब में टालमटोल कर रहे थे और जांच में सहयोग नहीं कर रहे थे। दिल्ली में वर्ष 2021-22 के लिए बनाई गई और अब रद्द की जा चुकी आबकारी नीति को तैयार करने और इसे लागू करने में कथित भ्रष्टाचार के सिलसिले में केंद्रीय अन्वेषण ब्यूरो (सीबीआई) द्वारा 26 फरवरी को गिरफ्तार किए जाने के बाद सिसोदिया फिलहाल न्यायिक हिरासत में हैं। ईडी ने सिसोदिया से पहले दौर की पूछताछ सात मार्च को थी।

तिहाड़ में की दूसरे दौर की पूछताछ

इससे पहले प्रवर्तन निदेशालय ने गुरुवार को तिहाड़ जेल में मनीष सिसोदिया से दूसरे दौर की पूछताछ शुरू की। संघीय जांच एजेंसी ने इससे पहले सात मार्च को सिसोदिया (51) से पांच घंटे पूछताछ कर उनके बयान दर्ज किए थे। आरोप है कि 2021-22 में शराब व्यापारियों को लाइसेंस देने से संबंधित दिल्ली सरकार की आबकारी नीति ने शराब व्यापारियों को साठगांठ का अवसर प्रदान किया और कुछ कारोबारियों को फायदा पहुंचाया, जिन्होंने इसके लिए कथित रूप से रिश्वत दी थी। हालांकि, आम आदमी पार्टी (आप) ने इन आरोपों को सिरे से खारिज किया है।

झूठे आरोपों में गिरफ्तार किया गया: केजरीवाल

दिल्ली के मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल ने आरोप लगाया कि मनीष सिसोदिया को झूठे आरोपों में जेल में रखा गया है। केजरीवाल ने कहा कि प्रवर्तन निदेशालय ने सिसोदिया को गिरफ्तार किया है ताकि उन्हें जमानत नहीं मिले। केजरीवाल ने ट्वीट किया, मनीष को पहले सीबीआई ने गिरफ्तार किया। सीबीआई को कोई सबूत नहीं मिला, छापे में कोई पैसा नहीं मिला। शुक्रवार को जमानत पर सुनवाई है। कल मनीष छूट जाते। तो गुरुवार ईडी ने गिरफ्तार कर लिया। इनका एक ही मकसद है - मनीष को हर हालत में अंदर रखना। रोज नये फर्ज़ी मामले बनाकर। जनता देख रही है। जनता जवाब देगी।

दिल्ली को मिले दो नए मंत्री, ली शपथ

आतिशी बनीं शिक्षा मंत्री, सौरभ भारद्वाज को मिला स्वास्थ्य विभाग

एजेंसी | नई दिल्ली

आम आदमी पार्टी विधायक सौरभ भारद्वाज और आतिशी को उपराज्यपाल वी. के.सक्सेना ने गुरुवार को मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल की उपस्थिति में मंत्री पद की शपथ दिलाई। दिल्ली विधानसभा में नेता प्रतिपक्ष और भाजपा के विधायक रामवीर सिंह बिधूड़ी भी शपथ ग्रहण समारोह में शामिल हुए।

दिल्ली के उप मुख्यमंत्री रहे मनीष सिसोदिया और सत्येंद्र जैन के इस्तीफे के बाद मंत्रिमंडल में दो पद खाली हुए थे। सिसोदिया और जैन क्रमशः भ्रष्टाचार और धन शोधन के मामलों में इस समय दिल्ली की तिहाड़ जेल में बंद हैं। सिसोदिया को केंद्रीय अन्वेषण ब्यूरो (सीबीआई) ने 26 फरवरी को दिल्ली आबकारी नीति 2021-22 तैयार करने में कथित भ्रष्टाचार के आरोप में गिरफ्तार किया था। वह 20 मार्च तक न्यायिक हिरासत में हैं। जैन भी इस समय न्यायिक हिरासत में हैं और प्रवर्तन निदेशालय ने कथित धनशोधन के मामले में उन्हें पिछले साल मई में गिरफ्तार किया था। केजरीवाल ने ट्वीट किया, नई ज़िम्मेदारियां संभालने पर आतिशी और सौरभ को बहुत-बहुत बधाई एवं शुभकामनाएं। मनीष और सत्येंद्र के अच्छे काम को आप दोनों को आगे बढ़ाना है। लोगों को आप दोनों से बहुत उम्मीदें हैं। राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू ने इससे पहले सिसोदिया और जैन का इस्तीफा स्वीकार किया था। उप राज्यपाल सक्सेना ने मुख्यमंत्री केजरीवाल की अनुशंसा पर आतिशी और भारद्वाज को मंत्री बनाने की सिफारिश राष्ट्रपति मुर्मू से की थी।

आतिशी के पास ये विभाग भी होंगे

आतिशी को शिक्षा के अलावा लोकनिर्माण विभाग), ऊर्जा और पर्यटन विभाग।

भारद्वाज के पास होगा इनका प्रभार

भारद्वाज स्वास्थ्य, शहरी विकास, जल और उद्योग विभाग।

बजट सत्र में बतौर मंत्री होंगे शरीक

पार्टी सूत्रों ने बताया कि आतिशी और भारद्वाज नौ मार्च को शपथ लेने के बाद 17 मार्च से शुरू हो रहे दिल्ली विधानसभा के बजट सत्र में बतौर मंत्री हिस्सा लेंगे। भारद्वाज वर्ष 2013 से ही 'आप' विधायक हैं और इस समय दिल्ली जल बोर्ड के उपाध्यक्ष हैं। वह वर्ष 2013 में केजरीवाल के नेतृत्व में बनी पहली 'आप' सरकार में कुछ समय के लिए मंत्री थे। आतिशी वर्ष 2020 से 'आप' की विधायक हैं। हालांकि, वह 'आप' से शुरू से ही जुड़ी हुई हैं। वह शिक्षा मामलों पर सिसोदिया की सलाहकार की भूमिका निभा चुकी हैं।

अजित पवार ने लगाया आरोप

फडणवीस के शासन में हुआ था 500 करोड़ का घोटाला

एजेंसी | मुंबई

महाराष्ट्र विधानसभा में नेता प्रतिपक्ष अजित पवार ने गुरुवार को आरोप लगाया कि देवेंद्र फडणवीस के नेतृत्व वाली सरकार के कार्यकाल के दौरान राज्य के सूचना एवं प्रचार विभाग में 500 करोड़ रुपए का एक घोटाला हुआ था।

पवार ने दावा किया कि तत्कालीन मुख्यमंत्री फडणवीस की मंजूरी के बिना 2019 में सरकारी अधिकारियों ने 500 करोड़ रुपए से अधिक के मीडिया विज्ञापनों के लिए मंजूरी दी। उन्होंने मुख्यमंत्री

एकनाथ शिंदे से घोटाले में शामिल अधिकारियों को दंडित करने की मांग की। राकांपा के वरिष्ठ नेता पवार ने विधानसभा में कहा कि अधिकारियों ने फाइल में जिक्र किया था कि मुख्यमंत्री को विज्ञापन प्रकाशित करने के लिए 500 करोड़ रुपए के खर्च के बारे में सूचित किया गया लेकिन वास्तव में उनसे मंजूरी नहीं ली गई थी। महाराष्ट्र में 2014-19 के दौरान भाजपा और शिवसेना (अविभाजित) की गठबंधन सरकार थी और फडणवीस मुख्यमंत्री थे। पवार ने कहा, ऐसे दोषियों को निलंबित कर दंडित किया जाना चाहिए। मीडिया विज्ञापनों के लिए मुख्यमंत्री की मंजूरी आवश्यक है। इस मामले में, चुनावी वर्ष 2019 के दौरान मुख्यमंत्री की मंजूरी के बिना 500 करोड़ रुपए से अधिक के विज्ञापनों को मंजूरी दी गई थी।

BRS नेता कविता को ईडी के समन के बाद पार्टी का केंद्र पर हमला

यह ईडी का नहीं, मोदी का समन है: रामा राव

एजेंसी | हैदराबाद/नई दिल्ली

भारत राष्ट्र समिति ने पार्टी की नेता व तेलंगाना के मुख्यमंत्री के चंद्रशेखर राव की बेटी के. कविता को प्रवर्तन निदेशालय द्वारा दिल्ली के आबकारी नीति मामले में समन जारी करने के बाद केंद्र सरकार पर हमला तेज कर दिया है। तेलंगाना सरकार के मंत्री के.टी. रामा राव ने गुरुवार को प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी और केंद्र सरकार पर निशाना साधते हुए कहा कि विपक्षी नेताओं को प्रताड़ित करने के लिए प्रवर्तन निदेशालय जैसी जांच एजेंसियों का दुरुपयोग किया जा रहा है। रामा राव ने आरोप लगाया, यह ईडी का समन नहीं, मोदी का समन है। रामा राव ने दावा किया केंद्र सरकार अनैतिक शासन और बेईमान जांच एजेंसियों की पर्यायवाची बन गई है। रामा राव मुख्यमंत्री केसीआर के बेटे हैं। रामा राव ने आरोप लगाया कि उद्योगपति गौतम अडाणी के प्रधानमंत्री मोदी से संबंध हैं।

भाजपा नेताओं को क्यों नहीं किया तलब

रामा राव ने कहा कि कविता ईडी के सामने पेश होंगी, जबकि भाजपा नेता बीएल संतोष विधायकों की कथित खरीद-फरोख्त के मामले में तेलंगाना पुलिस की एसआईटी के समक्ष भी पेश नहीं हुए थे। उन्होंने सवाल किया, भाजपा नेताओं को केंद्रीय एजेंसियों द्वारा तलब क्यों नहीं किया जा रहा है?

जांच का सामना करेंगे: कविता

इस बीच भारत राष्ट्र समिति की नेता के. कविता ने गुरुवार को नई दिल्ली में कहा कि उन्होंने कुछ भी गलत नहीं किया है और वह प्रवर्तन निदेशालय की जांच का सामना करेंगी। उन्होंने आरोप लगाया कि केंद्र सरकार ईडी का 'इस्तेमाल' कर रही है क्योंकि भाजपा तेलंगाना में पिछले दरवाजे से दाखिल नहीं हो सकी। कविता ने दिल्ली में संवाददाता सम्मेलन में कहा, हमने देखा है कि भाजपा नौ राज्यों में पिछले दरवाजे से घुस गई लेकिन वह तेलंगाना में ऐसा नहीं कर पा रही है, इसलिए वह अब ईडी का इस्तेमाल कर रही है, लेकिन हम डरने वाले नहीं हैं।

विरोध प्रदर्शन आज

कविता ने कहा कि 10 मार्च को दिल्ली में उनके द्वारा प्रस्तावित विरोध प्रदर्शन में 18 राजनीतिक दलों के प्रतिनिधि शामिल होंगे। बीआरएस की नेता ने कहा, मैं राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू से महिला आरक्षण विधेयक को पारित कराने का अनुरोध करती हूं।

कांग्रेस की स्क्रीनिंग कमेटी ने प्रत्याशियों के नामों पर शुरू की चर्चा

कर्नाटक की 170 सीटों पर उम्मीदवारों पर बनी सर्वसम्मति: शिवकुमार

एजेंसी | बेंगलुरु

कांग्रेस की कर्नाटक इकाई के अध्यक्ष डी के शिवकुमार ने गुरुवार को कहा कि पार्टी की स्क्रीनिंग कमेटी ने अब तक करीब 170 विधानसभा सीटों पर टिकट वितरण के संदर्भ में चर्चा की है और इन सीटों पर उम्मीदवारों के नामों पर नेताओं में सर्वसम्मति बनी है।

उन्होंने यह भी कहा कि टिकट वितरण में जीतने की संभावना, सामाजिक न्याय और पार्टी के प्रति प्रतिबद्धता पर विशेष जोर दिया गया है तथा यह प्रयास है कि विभिन्न विधानसभा क्षेत्रों में टिकट के आकांक्षी लोगों तक पहुंचा जाए ताकि उम्मीदवारों पर सर्वसम्मति हो सके। कर्नाटक विधानसभा की कुल 224 सीटों के लिए आगामी मई महीने में चुनाव होने की संभावना है।

चुनाव आयोग राज्य के दौरे पर, तैयारियों का ले रहा जायजा

बेंगलुरु। आगामी विधानसभा चुनाव की तैयारियों का जायजा लेने के लिए मुख्य निर्वाचन आयुक्त राजीव कुमार के नेतृत्व में निर्वाचन आयोग का एक दल गुरुवार को बेंगलुरु पहुंचा। कर्नाटक के तीन दिन के दौरे पर आए इस दल में चुनाव आयुक्त अनूप चन्द्र पंडेय और अरुण गोयल भी शामिल हैं। राजधानी पहुंचने के बाद दल के सदस्यों ने कर्नाटक के मुख्य निर्वाचन अधिकारी मनोज कुमार मीणा और अन्य अधिकारियों के साथ 'विकास सौध' में बैठक की। आयोग का यह दल विभिन्न राजनीतिक दलों के प्रतिनिधियों से मुलाकात करेगा और उनके सुझाव व विचार जानने के अलावा उनकी शिकायतें भी सुनेगा। निर्वाचन आयोग का यह दल चुनावी तैयारियों के बारे में जानकारी लेने के लिए 10 मार्च को सभी जिलों के उपायुक्तों के साथ बैठक करेगा।

कांग्रेस में 50 और सीटों पर होनी है चर्चा

शिवकुमार ने कहा, हमने 170 सीटों पर चर्चा की है और अभी 50 सीटें रह गई हैं। हम चर्चा करेंगे और फिर अपनी राय केंद्रीय चुनाव समिति को भेज देंगे। सर्वसम्मति है, सब कुछ सही ढंग से चल रहा है और कोई असमंजस नहीं है। उनका कहना था, मैं शुक्रवार से करीब 50-60 विधानसभा सीटों के नेताओं और टिकट के आकांक्षियों से बात करने जा रहा हूं ताकि अगर मतभेद हैं तो उन्हें दूर किया जा सके। हर नेता की चुनाव लड़ने की इच्छा है क्योंकि उन्हें पता है कि कांग्रेस यह चुनाव जीतने जा रही है और भाजपा को हराने जा रही है।

व्यक्ति नहीं, जीत की संभावना अहम

एक सवाल के जवाब में शिवकुमार ने कहा कि टिकट वितरण के संदर्भ में कांग्रेस के लिए कोई व्यक्ति नहीं, बल्कि जीतने की संभावना की बात महत्वपूर्ण है। उन्होंने मंगलवार को दावा किया था कि एक हालिया सर्वेक्षण कांग्रेस को 140 सीटें मिलने का अनुमान लगाया गया है।

ये नेता शामिल हैं कांग्रेस की स्क्रीनिंग कमेटी में

कांग्रेस के वरिष्ठ नेता मोहन प्रकाश राज्य से जुड़ी स्क्रीनिंग कमेटी की अध्यक्षता कर रहे हैं तथा सांसद मोहम्मद जावेद, नीरज डांगी और सप्तगिरि उल्का इसके सदस्य हैं। शिवकुमार, विधायक दल के नेता सिद्धरमैया, कांग्रेस महासचिव रणदीप सुरजेवाला और कुछ अन्य नेता इस समिति में पदेन सदस्य हैं।

जरूरी खबर

डॉ. ज्ञान चतुर्वेदी को व्यास सम्मान से नवाजा जाएगा

नई दिल्ली। के. के बिरला फाउंडेशन ने गुरुवार को हिंदी के जाने-माने व्यंग कथाकार डॉ. ज्ञान चतुर्वेदी को 32वां व्यास सम्मान प्रदान करने की घोषणा की। फाउंडेशन ने बताया कि प्रतिष्ठित साहित्यकार प्रोफेसर रामजी तिवारी की अध्यक्षता वाली चयन समिति ने डॉ. चतुर्वेदी को उनके व्यंग्य उपन्यास 'पागलखाने' के लिए व्यास सम्मान- 2022 से नवाजने का फैसला किया है। यह उपन्यास 2018 में प्रकाशित हुआ था। 1991 में शुरू किया गया 'व्यास सम्मान' पिछले 10 वर्षों के दौरान हिंदी में प्रकाशित साहित्यिक रचना के लिए भारतीय नागरिक को दिया जाता है।

एससीओ देशों के प्रधान न्यायाधीशों की बैठक आज से

नई दिल्ली। उच्चतम न्यायालय 10 से 12 मार्च तक शंघाई सहयोग संगठन (एससीओ) के सदस्य देशों की शीर्ष अदालतों के मुख्य न्यायाधीशों की 18वीं बैठक की मेजबानी करेगा। इस बैठक का मकसद सदस्य राष्ट्रों के बीच न्यायिक सहयोग विकसित करना है। उच्चतम न्यायालय के अनुसार, एससीओ सदस्य देशों के सर्वोच्च न्यायालय के अध्यक्षों या प्रधान न्यायाधीशों को बैठक में भाग लेने के लिए आमंत्रित किया गया है। बैठक में 'स्मार्ट कोर्ट' और न्यायपालिका के भविष्य, न्याय तक पहुंच को सुगम बनाना, न्यायपालिका के सामने संस्थागत चुनौतियां, विलंब, बुनियादी ढांचा, प्रतिनिधित्व और पारदर्शिता पर चर्चा होने की संभावना है।

J&K: MBBS की सीटें बेचने के मामले में छापेमारी

श्रीनगर। प्रवर्तन निदेशालय ने पाकिस्तान में कश्मीरी छात्रों को एमबीबीएस सीटें 'बेचने' के मामले में गुरुवार को हुर्रियत नेताओं के घरों समेत तीन जगहों पर छापे मारे। अधिकारियों ने बताया कि अनंतनाग में काजी यासिर, यहां बाग-ए-मेहताब इलाके में जम्मू-कश्मीर सॉल्वेशन मूवमेंट के अध्यक्ष जफर भट और अनंतनाग के मट्टन इलाके में मोहम्मद इकबाल ख्वाजा के घरों पर छापे मारे गए। जम्मू-कश्मीर पुलिस के साथ केंद्रीय जांच एजेंसी के कर्मियों ने तीन स्थानों पर एक साथ छापे मारे।

डोडा: सेना ने 100 फीट की ऊंचाई पर फहराया राष्ट्रीय ध्वज

डोडा। *भारतीय सेना ने गुरुवार को जम्मू-कश्मीर के पर्वतीय डोडा जिले में 100 फीट की ऊंचाई पर राष्ट्रीय ध्वज फहराया। एक वरिष्ठ अधिकारी ने इस प्रयास को उन अनगिनत सैनिकों को उचित श्रद्धांजलि करार दिया, जिन्होंने राष्ट्र के लिए अपने जीवन का बलिदान कर दिया। चिनाब घाटी क्षेत्र में सेना द्वारा इतनी ऊंचाई पर फहराया गया यह दूसरा राष्ट्रीय ध्वज है। यह क्षेत्र एक दशक से पहले तक कभी आतंकवाद का गढ़ हुआ करता था। फीट की ऊंचाई पर राष्ट्रीय ध्वज लगाया गया था। सेना के डेल्टा फोर्स के जनरल ऑफिसर कमांडिंग मेजर जनरल अजय कुमार ने डोडा स्पोर्ट्स स्टेडियम में सबसे पहले झंडा फहराया।*

आईएनएस विक्रांत पर पहुंचे ऑस्ट्रेलियाई प्रधानमंत्री

दोस्ती की पिच पर रिश्तों ने भरी उड़ान, मिलेगी और मजबूती

एजेंसी | अहमदाबाद/मुंबई

भारत और ऑस्ट्रेलिया के प्रधानमंत्रियों ने गुरुवार को अहमदाबाद में दोनों देशों के बीच खेले जा रहे क्रिकेट मैच के दौरान दोस्ती की पिच पर द्विपक्षीय संबंधों को और मजबूत बनाने की पटकथा लिखी। ऑस्ट्रेलिया के प्रधानमंत्री एंथनी अल्बनीज चार दिवसीय भारत यात्रा पर हैं। अल्बनीज गुरुवार को पीएम मोदी के साथ अहमदाबाद के नरेन्द्र मोदी स्टेडियम पहुंचे। बाद में मुंबई पहंचने पर अल्बनीज ने भारत के विमान वाहक पोत आईएनएस विक्रांत का दौरा भी किया। बाद में वे गुरुवार शाम दिल्ली पहुंचे। अल्बनीज ने कहा कि मैं पीएम मोदी के निमंत्रण पर भारत में निर्मित आईएनएस विक्रांत पर आकर सम्मानित महसूस कर रहा हूं।

ऑस्ट्रेलिया करेगा मालाबार नौसैनिक अभ्यास की मेजबानी: अल्बनीज

मुंबई। ऑस्ट्रेलियाई प्रधानमंत्री एंथनी अल्बनीज ने गुरुवार को घोषणा की कि उनका देश ऑस्ट्रेलिया, भारत, अमेरिका और जापान से जुड़े नौसैनिक अभ्यास 'मालाबार' की मेजबानी करेगा। यहां भारत के स्वदेशी विमानवाहक पोत आईएनएस विक्रांत पर सवार अल्बनीज ने यह भी कहा कि भारत पहली बार ऑस्ट्रेलिया के बहुराष्ट्रीय 'टैलिसमैन सेबर' अभ्यास में भाग लेगा। ऑस्ट्रेलियाई प्रधानमंत्री ने कहा कि पिछले साल भारत और ऑस्ट्रेलिया ने पहले से कहीं अधिक अभ्यास और संवाद किए। विमानवाहक पोत विक्रांत पर नौसेना प्रमुख एडमिरल आर हरिकुमार ने गार्ड ऑफ ऑनर के साथ अल्बानीज की मेजबानी की।

पीएम मोदी-अल्बनीज की वार्ता आज

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी और उनके ऑस्ट्रेलियाई समकक्ष एंथनी अल्बनीज शुक्रवार को व्यापार एवं निवेश, रक्षा और महत्वपूर्ण खनिजों के क्षेत्रों में समग्र द्विपक्षीय संबंधों को बढ़ावा देने पर ध्यान केंद्रित करने के साथ व्यापक वार्ता करेंगे। सूत्रों ने बताया कि क्षेत्र में चीन की बढ़ती सैन्य आक्रामकता को लेकर उभरती चिंताओं के बीच दोनों नेता हिंद-प्रशांत क्षेत्र में स्थिति की समीक्षा भी कर सकते हैं।

तैयार हो रहा है डिजिटल इंडिया अधिनियम: अप्रेल में आ सकता है मसौदा

जासूसी चश्मे व पहनने वाले उपकरण होंगे कानूनी दायरे में

एजेंसी | नई दिल्ली

इलेक्ट्रॉनिक्स और सूचना प्रौद्योगिकी मंत्री राजीव चंद्रशेखर ने प्रस्तावित डिजिटल इंडिया अधिनियम पर पहली बार गुरुवार को बैठक की। उन्होंने इस दौरान जासूसी चश्मे व पहनने वाले अन्य उपकरणों द्वारा जानकारी जुटाने से संबंधित मुद्दों से निपटने के लिए संबंधित नियमों पर चर्चा भी की।

मंत्री ने कहा कि उन्हें इस साल इस संबंध में कानून बनने की उम्मीद है। चंद्रशेखर ने बेंगलुरु में पहली बैठक के बाद पीटीआई-भाषा को वीडियो कॉन्फ्रेंस के जरिए दिए साक्षात्कार में बताया कि डिअधिनियम का मसौदा संबंधित लोगों से और दो चरणों की बातचीत के बाद तैयार होगा। मसौदा अप्रैल में आ सकता है। संसद में अंतिम मंजूरी के लिए पेश किए जाने से पहले लगभग 45-60 दिनों के

लिए इसे सार्वजनिक विमर्श के अन्य चरणों से भी गुजरना होगा। ऐसे में मसौदा विधेयक जुलाई में संसद में रखे जाने के लिए तैयार हो सकता है।

चंद्रशेखर ने कहा, ऐसे समय में, जब तकनीक इतनी तेजी से बाधित कर रही है... एआई (कृत्रिम मेधा) है, एआई कंप्यूट है, ब्लॉकचेन है, सभी प्रकार के बड़े विघटनकारी परिवर्तन हो रहे हैं। ऐसे वक्त में यह कानून लाया गया है। इसलिए इस कानून को भविष्य के लिए तैयार और सुरक्षित होना चाहिए।

पुन: व्याख्या करने संबंधी अर्जी खारिज

भूमि अधिग्रहण अधिनियम पर नहीं होगा फिर से विचार: SC

एजेंसी | नई दिल्ली

सुप्रीम कोर्ट ने व्यवस्था दी है कि उसके अनिवार्य फैसलों को चुनौती देने के लिए अनुच्छेद 32 के तहत दाखिल याचिका सुनवाई के योग्य नहीं है। इसके साथ ही उसने भूमि अधिग्रहण से जुड़े मामले में वर्ष 2020 में पांच न्यायाधीशों की पीठ द्वारा दिए गए फैसले को बदलने के लिए दाखिल याचिका खारिज कर

दी। सीजेआई डी.वाई. चंद्रचूड़ की अध्यक्षता वाली पीठ उस अर्जी पर सुनवाई कर रही थी जिसमें अनुरोध किया गया था कि केंद्र को भूमि अधिग्रहण अधिनियम-2013 की धारा- 24(2) की पुनः व्याख्या करने का निर्देश दिया जाए। पीठ ने फैसले में कहा, इस अदालत के बाध्यकारी आदेश को चुनौती देने के लिए संविधान के अनुच्छेद-32 के तहत दाखिल याचिका सुनवाई योग्य नहीं है।

'ट्रॉपेक्स' में शामिल हुए 75 पोत, 6 पनडुब्बियां और 75 विमान

नई दिल्ली। नौसेना के प्रमुख अभ्यास ट्रॉपेक्स में भारतीय नौसेना के 70 जहाजों, छह पनडुब्बियों और 75 से अधिक विमानों ने भाग लिया। यह अभ्यास नवंबर 2022 से मार्च 2023 तक चार महीने की अवधि में अरब सागर में संपन्न हुआ। इन अभ्यासों में सेना, वायु सेना और तटरक्षक बल की भागीदारी रही। दूसरी ओर भारतीय सेना और फ्रांसीसी सेना के बीच पहला संयुक्त अभ्यास 'फ्रिंजेक्स-23' तिरुवनंतपुरम पनगोडे सैन्य स्टेशन पर संपन्न हुआ।

राष्ट्रपति मुर्मू ने स्वर्ण मंदिर में मत्था टेका

एजेंसी | अमृतसर

राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू ने गुरुवार को यहां स्वर्ण मंदिर में मत्था टेका और देश की शांति, प्रगति और समृद्धि के लिए प्रार्थना की। राष्ट्रपति के दौरे के मद्देनजर शहर में सुरक्षा के पुख्ता इंतजाम किए गए थे। राष्ट्रपति ने जलियांवाला बाग, दुर्गियाना मंदिर और भगवान वाल्मीकि राम तीर्थ स्थल का भी दौरा किया।

मुर्मू पंजाब के मुख्यमंत्री भगवंत मान और शिरोमणि गुरुद्वारा प्रबंधक समिति के प्रमुख हरजिंदर सिंह धामी के साथ स्वर्ण मंदिर पहुंचीं, वहां मत्था टेका और 'कीर्तन'

सुना। उन्होंने वहां 'कड़ाह प्रसाद' भी ग्रहण किया। राष्ट्रपति बनने के बाद अमृतसर की उनकी यह पहली यात्रा है। मत्था टेकने के बाद वह 'लंगर हॉल' में गईं।

माधव राष्ट्रीय उद्यान में आज छोड़े जाएंगे तीन बाघ

मप्र-राजस्थान के बीच बनेगा नया वन्यजीव गलियारा

एजेंसी | ग्वालियर

केन्द्रीय पर्यटन मंत्री ज्योतिरादित्य सिंधिया ने गुरुवार को कहा कि मध्य प्रदेश के शिवपुरी जिले के माधव राष्ट्रीय उद्यान (एमएनपी) में तीन बाघ छोड़े जाने के बाद मध्य प्रदेश और राजस्थान के बीच एक नया वन्यजीव गलियारा बनेगा। उन्होंने यहां संवाददाताओं से कहा, तीन बाघों को दस मार्च को एमएनपी में (बाड़ों) में छोड़ा जाएगा, जहां 27 साल से बाघ की दहाड़ सुनाई नहीं दी है। सिंधिया ने कहा कि तीन बाघों के फिर से आने से एमएनपी, कुनो नेशनल पार्क, पन्ना टाइगर रिजर्व (सभी मध्य प्रदेश में हैं) और राजस्थान में रणथंभौर टाइगर रिजर्व को जोड़ने वाला एक

ये जुड़ेंगे आपस में

माधव राष्ट्रीय उद्यान, कुनो नेशनल पार्क, पन्ना टाइगर रिजर्व (सभी मध्य प्रदेश में) और राजस्थान में रणथंभौर टाइगर रिजर्व।

वन्यजीव गलियारा बन जाएगा। मध्य प्रदेश के मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान द्वारा सिंधिया और प्रदेश के वन मंत्री विजय शाह के साथ एमएनपी में बाघों की आबादी को पुनर्जीवित करने के लिए भोपाल के एक संस्थान के परिसर से पकड़े गए एक बाघ और दो बाघिनों को बाड़ें में छोड़ा जाएगा।

माधव राष्ट्रीय उद्यान के निदेशक उत्तम शर्मा ने पीटीआई-भाषा को बताया कि अक्टूबर में मौलाना आजाद राष्ट्रीय प्रौद्योगिकी संस्थान (मैनिट) के परिसर से पकड़े गए एक बाघ को सतपुड़ा टाइगर रिजर्व से लाया जाएगा, जबकि दो बाघिनों को पन्ना और बांधवगढ़ टाइगर रिजर्व से लाया जाएगा। बाघ को भोपाल में पकड़ने के बाद अक्टूबर में सतपुड़ा में छोड़ा गया था।

बाघों को फिर लाने का तीसरा प्रयास

अधिकारियों ने कहा कि यह तीसरी बार है जब मध्य प्रदेश वन विभाग एक वन्यजीव अभयारण्य में बाघ को फिर से लाने जा रहा है। एमएनपी में वर्तमान में कोई बाघ नहीं है। इससे पहले पन्ना बाघ अभयारण्य और सागर के

नौरादेही वन्यजीव अभयारण्य में सफलतापूर्वक बाघों को बसाया जा चुका है। वन अधिकारियों के अनुसार एमएनपी में बाघों के लिए अच्छा शिकार उपलब्ध है इसलिए बाघों को यहां फिर से बसाने के कार्यक्रम को केंद्र द्वारा मंजूरी दी गई है। इन बाघों में रेडियो कॉलर लगाये जाएंगे। बाघों को जंगल में छोड़ने के बाद उनपर नजर रखने के लिए तीन दलों का गठन किया गया है।

माधव उद्यान में 2010 से नहीं नजर आए बाघ

प्रधान वन संरक्षक (वन्यजीव) सुभरंजन सेन ने कहा कि एक जमाने में एमएनपी में कई बाघ हुआ करते थे लेकिन 2010 के बाद से एमएनपी और उसके आसपास के इलाके में कोई बाघ नहीं देखा गया है। वन्यजीव विशेषज्ञों ने कहा कि एमएनपी में मुख्य तौर पर शिकार के कारण बाघ खत्म हो गए। 2010-2012 में कुछ समय के लिए राजस्थान के बाघ एमएनपी के आसपास घूमते थे।

निजी स्टाफ को जोड़ने के मामले में बोले धनखड़

समितियों के अध्यक्षों व सदस्यों से की थी चर्चा

एजेंसी | नई दिल्ली

उपराष्ट्रपति और राज्यसभा के सभापति जगदीप धनखड़ ने संसदीय समितियों के साथ अपने निजी स्टाफ संबंद्ध करने के मामले का उल्लेख करते हुए गुरुवार को कहा कि इस कदम को उठाने से पहले समितियों के प्रमुखों और सदस्यों के साथ व्यापक विचार-विमर्श किया गया था। धनखड़ पूर्व केंद्रीय मंत्री कर्ण सिंह की 'मुंडक उपनिषद' पर आधारित एक पुस्तक के विमोचन के अवसर पर बोल रहे थे। धनखड़ ने कर्ण सिंह की ओर मुखातिब होते हुए कहा,मीडिया में एक विमर्श चलाया जा रहा है कि सभापति ने समितियों में अपने सदस्यों की नियुक्ति कर दी है।

नहीं हुई चर्चा: जयराम रमेश

कांग्रेस महासचिव और संसद की विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी संबंधी स्थायी समिति के प्रमुख जयराम रमेश ने धनखड़ की बात से असहमति जताते हुए कहा कि उनके साथ कोई विचार-विमर्श नहीं हुआ। रमेश ने ट्वीट किया, सभापति ने कहा है कि विभिन्न समितियों के साथ उनके निजी स्टॉफ को संबद्ध करने संबंधी उनका विवादित कदम समिति के प्रमुखों से विचार-विमर्श के बाद उठाया गया था। मैं एक स्थायी समिति का प्रमुख हूं और स्पष्ट रूप से कह सकता हूं कि मेरे साथ कोई विचार-विमर्श नहीं हुआ था।

राजस्थान उर्दू अकादमी: 'साहिर की परछाइयां' कार्यक्रम का आयोजन

नगमों में औरत के जज्बात

बेधड़क. जयपुर। चाहे मां सरदार बेगम हो या उनके जीवन में आई अमृता प्रीतम या सुधा मल्होत्रा। साहिर लुधियानवी ने औरत के साथ रिश्ता शिद्दत के साथ निभाया। यही वजह है कि उनके नगमों, शायरियों में हमेशा औरत के जज्बात बोलते रहे हैं। होली और महिला दिवस पर साहिर लुधियानवी की 102वीं जयंती पर राजस्थान उर्दू अकादमी जयपुर की ओर से जवाहर कला केंद्र में में आयोजित 'साहिर की परछाइयां' में ये विचार रखे गए। कार्यक्रम सिम्पोजियम और गायन दोनों प्रारूपों में हुआ। एक ओर गायकों ने साहिर के गीत अपनी आवाज में पेश किए, वहीं उनके जीवन पर तकरीर पेश की गई।

अधिकारियों ने की गजलें पेश

राजस्थान उर्दू अकादमी के अध्यक्ष डॉ. हुसैन रजा खान ने बताया कि कार्यक्रम की शुरुआत में मुख्य अतिथि अधिकारी व गायिका रोली अग्रवाल के 'तुम अपना रंजो गम अपनी परेशानी मुझे दे दो....' गजल से हुई। इस मौके पर डॉ. गौरव और डॉ. दीप शिखा ने साहिर लुधियानवी के एक से बढ़कर एक नगमों को अपनी आवाज के पिरोया। उन्होंने जुल्म ए उल्फत, मन रे, अभी न जाओ छोड़कर, जो वादा किया वो निभाना पड़ेगा जैसे गीतों महफिल सजाई। इस दौरान डॉ. जेबा जीनत ने साहिर पर तकरीर पेश की। उन्होंने बताया कि साहिर के वालिद बड़े जमींदार थे। साहिर जब सिर्फ 8 साल के थे तो उनके पिता ने उन्हें मां या पिता में से एक को चुनने को कहा था। साहिर ने अपनी गरीब मजबूर मां को चुना और उनका दामन ऐसा थामा कि उनकी अंतिम सांस तक उनके साथ रहे। इस दौरान मुख्यमंत्री अशोक गहलोत के ओएसडी फारूक अफरीदी, प्रो. अमला बत्रा, परवीन खान आदि उपस्थित रहे।

डॉ. गौरव और दीपशिखा ने भी पेश किए नगमें

गायक युगल डॉ. गौरव और दीपशिखा जैन ने लुधियानवी के एक से बढ़कर एक नग्में पेश कर समां बांध दिया। उन्होंने जुर्म ए उल्फत, मन रे तू काहे, अभी ना जाओ छोड़ कर, जो वादा किया वो निभाना पड़ेगा जैसे गीतों से महफिल सजाई।

फागोत्सव में चंग के संग धमाल

बेधड़क. जयपुर। श्री श्याम गोपाल मंडल समिति(रजि•) लाल कोठी के तत्वाधान में फागोत्सव धूमधाम से मनाया गया। मंडल के विपुल अग्रवाल, नटवर कुमावत ने बताया कि फागोत्सव में महा आरती, बाबा श्याम का अलौकिक श्रृंगार, चंग धमाल, छप्पन भोग की झांकी, पुष्प वर्षा,एवं अखण्ड ज्योत का आयोजन किया गया है। इस अवसर पर मंडल समिति के सौरव अग्रवाल, ऋषि अग्रवाल ने सबका स्वागत किया।

नाटक बेमी बाण्यो का होगा मंचन

बेधड़क. जयपुर। आजादी के अमृत महोत्सव के अवसर पर कला, साहित्य, संस्कृति व पुरातत्व विभाग तथा रविंद्र मंच द्वारा टैगोर थिएटर का आयोजन किया जा रहा है। टैगोर थिएटर योजना के अंतर्गत शुक्रवार शाम 6 बजे नाटक 'बेमी बाणयों' का मंचन किया जाएगा। नाटक के लेखक मोलियर हैं। नाटक में प्रेमी द्वारा प्रेमिका को दिए गए लॉकेट किसी और के हाथ लग जाने से पात्रों के मध्य असमंसजता का जन्म लेती है।

प्रेस क्लब में फूलों की होली

बेधड़क. जयपुर। पिंकसिटी प्रेस क्लब में होली स्नेह मिलन समारोह का आयोजन किया गया। अशोक शर्मा एण्ड पार्टी की फूलों की होली एवं मयूर नृत्य की मनमोहक प्रस्तुतियां हुईं। नेहा रोहिला एण्ड पार्टी की ओर से इस अवसर पर अनेक ब्रज की प्रस्तुतियां हुई। इस अवसर पर चांद चढ्यो गिगनार, फटाफट आज्या म्हारी फुलझड़ी, चालो देखण ने, रंग बरसे भीगे चुनरिया, चंग धीमो रे बजावन वाला की विशेष प्रस्तुतियां रही। क्लब अध्यक्ष मुकेश मीणा एवं महासचिव रघुवीर जांगिड़ ने बताया कि मुख्य अतिथि समाज कल्याण बोर्ड की अध्यक्ष डॉ. अर्चना शर्मा रहीं। अंत में कलाकारों को स्मृति चिन्ह भेंट किए गए। इस अवसर पर प्रेस क्लब कोषाध्यक्ष राहुल गौतम, उपाध्यक्ष पंकज शर्मा, गिरिराज गुर्जर, राहुल भारद्वाज, विजेन्द्र जायसवाल, संतोष कुमार शर्मा, अनिता शर्मा, दिनेश कुमार शर्मा, नमोनारायण अवस्थी, विकास आर्य सहित अनेक वरिष्ठ पत्रकार उपस्थित थे।

City इवेंट्स

होली मिलन समारोह में उड़ी गुलाल

बेधड़क. जयपुर। मैथिली महिला मंच की ओर से बुधवार को होली मिलन समारोह और महिला दिवस मनाया गया। जगतपुरा के ब्रजबिहार कॉलोनी में आयोजित इस कार्यक्रम में जयपुर में रहने वाले मिथिला समाज की महिलाओं ने जमकर होली खेली और चंग ढप ढोल के मैथिली में फाग के लोकगीत गाए। मंच की अध्यक्ष बबीता झा और महासचिव आशा झा ने आगंतुकों का स्वागत किया। अध्यक्ष बबीता झा ने बताया कि यह संस्था राजस्थान में रह रही मिथिलांचल की महिलाओं के आर्थिक, सामाजिक और स्वास्थ्य के विकास के क्षेत्र में काम करने के लिए प्रतिबद्ध है। इस अवसर पर मंच की उपाध्यक्ष पुष्पा मिश्रा, सचिव ममता झा, कोषाध्यक्ष गुड्डी झा, संगठन मंत्री रेखा ठाकुर और कार्यकारिणी सदस्य मीरा ठाकुर सहित अन्य महिलाएं मौजूद रहीं।

फिटनेस की बात करेंगी अदिति

बेधड़क. जयपुर। जयपुराइट्स और यंगस्टर्स के साथ महिलाओं को बॉलीवुड एक्ट्रेस और फिटनेस फ्रिक अदिति गोवित्रिकर हेल्दी लाइफ स्टाइल के टिप्स देंगी। साथ ही महिलाओं से इंटरेक्ट करेंगी। मौका होगा शुक्रवार को वुमेंस डे सेलिब्रेशन का, जो नारायण सिंह सर्कल स्थित जरी में आयोजित किया जाएगा। दोपहर 3 से शाम 5 बजे तक होने वाले इवेंट में जयपुर की महिलाएं बड़ी संख्या में पार्टिसिपेट करेंगी। इस दौरान एक्सपर्ट सेशन में ड्रेसिंग सेंस के बारे में भी जानकारी दी जाएगी।

स्ट्रीम होगा क्रिकेट का स्कैंडल

बेधड़क. जयपुर। जयपुराइट्स को क्रिकेट जगत का सबसे बड़ा करप्शन स्कैंडल ओटीटी पर देखने को मिलेगा। क्योंकि जयपुराइट्स के लिए स्केंडल पर आधारित डॉक्यूमेंट्री कॉट ऑउट 17 मार्च स्ट्रीम किया जाएगा। कॉट आउट एक फीचर लेंथ डॉक्यूमेंट्री है, जो इंटरनेशनल क्रिकेट की दुनिया को हिलाकर रख देने वाले सबसे बड़े मैच फिक्सिंग स्कैंडल का पर्दाफाश करती है। सुप्रिया सोबती गुप्ता द्वारा निर्देशित कहानी यंगस्टर्स को क्रिकेट के बारे में भी बहुत कुछ समझाएगी।

प्रेस प्रीमियर लीग 2023

'सच बेधड़क' की धमाकेदार जीत से सेमीफाइनल में एंट्री

बेधड़क | जयपुर

पिंकसिटी प्रेस क्लब की ओर से आयोजित प्रेस प्रीमियर लीग-में गुरुवार को 'सच बेधड़क' टीम ने शानदार प्रदर्शन करते हुए प्रेस क्लब स्टार को 87 रनों से हरा कर सेमीफाइनल में प्रवेश किया। सच बेधड़क ने पहले बल्लेबाजी करते हुए निर्धारित 18 ओवर में 2 विकेट पर 179 रन का स्कोर खड़ा कर दिया। जवाब में प्रेस क्लब स्टार की टीम 92 रन पर ऑल आउट हो गई। सच बेधड़क की टीम ने शानदार बल्लेबाजी का प्रदर्शन किया। वहीं, गेंदबाजों ने भी अपने तेज रफ्तार गेंदों से विरोधी टीम का धराशाही कर दिया। सच बेधड़क की तरफ से सबसे ज्यादा रन विशाल गौतम ने बनाए। विशाल ने 34 गेंदों पर 64 रन बनाए। इसमें छह चौके और तीन छक्के शामिल थे। सच बेधड़क के ओपनर राहुल ने बेहद आक्रमक अंदाज में 30 गेंदों पर 58 रन बनाए। राहुल ने शानदार पारी में छह छक्के लगाए। सच बेधड़क के विशाल स्कोर में धमेन्द्र शर्मा ने भी 39 रन का योगदान दिया। गेंदबाजी में विशाल ने 2.2 ओवर में छह रन देकर तीन विकेट लिए। बंटी ने तीन और कप्तान विनायक शर्मा ने भी दो विकेट लिए। प्रतियोगिता में गुरुवार को खेले गए अन्य क्वार्टर फाइनल मैच में दैनिक भास्कर ने टाइम्स ऑफ इण्डिया को, फर्स्ट इण्डिया ब्लू ने सियासी भारत को शिकस्त देकर सेमीफाइनल में जगह बनाई। वहीं अंतिम क्वार्टर फाइनल में महानगर टाइम्स और फर्स्ट इण्डिया का मुकाबला बारिश के कारण अधूरा रह गया।

जयपुर में होगा मुक्केबाजी का रोमांच

नेशनल लेवल के बॉक्सर्स रिंग में दिखाएंगे जबरदस्त पंच

बेधड़क | जयपुर

जयपुर में बॉक्सर्स का जलवा होगा और रिंग में जोरदार पंच देखने को मिलेंगे। यह अनूठा रोमांच होगा पूर्व बॉक्सर स्व. बनवारी यादव की स्मृति में।

इसके लिए तृतीय 3 दिवसीय राज्यस्तरीय मुक्केबाजी प्रतियोगिता का आयोजन 11 से 13 मार्च तक भाटिया भवन राजापार्क में किया जाएगा। आयोजकों ने प्रतियोगिता का पोस्टर विमोचन किया। सब जूनियर व सीनियर बालक और बालिका मुक्केबाजी प्रतियोगिता सोसायटी फॉर स्ट्रगलिंग स्पोर्ट्स मेन व आर बॉक्सिंग एकेडमी की ओर से होगी।

इस दौरान भारतीय मुक्केबाजी संघ के उपाध्यक्ष व राजस्थान बॉक्सिंग संघ के सचिव नरेन्द्र कुमार निर्वाण व जयपुर जिला मुक्केबाजी संघ के सचिव नाथू लाल निर्वाण युवाओं को गाइड करेंगे। साथ ही प्रतियोगिता में नेशनल लेवल के मैडलिस्ट मुक्केबाज भाग लेंगे। इसमें पहले दिन शाम 5 से 10 बजे तक तो दूसरे व तीसरे दिन के मुकाबले सुबह 8 से 11 और शाम 4 से रात 10 बजे तक होंगे।

प्रतियोगिता में 200 से ज्यादा बॉक्सर्स हिस्सा लेंगे और अपने दमदार पंच से प्रभावित करेंगे। इसके लिए 100 से ज्यादा एंट्रीज आ चुकी हैं। विजेताओं को कई प्रकार के टाइटल्स से नवाजा जाएगा। साथ ही मंच पर सम्मानित किया जाएगा। इस दौरान महिला मुक्केबाज भी दम दिखाएंगी। उनके लिए विशेष आयोजन किया गया है।

इंटरनेशनल वुमंस डे | **वीकली सेलेब्रेशन में महिला सशक्तीकरण पर दिया जोर**

तनावरहित जीवन के लिए खुद को गले लगाने की थीम

बेधड़क | जयपुर

इंटरनेशनल वुमंस डे को पूरे सप्ताह सेलेब्रेट करते हुए कई एक्टिविटीज का आयोजन किया गया। इसको मनाने का उद्देष्य महिला सशक्तीकरण को बढ़ावा देना है।

महिला दिवस पर इस वर्ष लैंगिक समानता के लिए नवाचार और प्रौद्योगिकी विषय वस्तु (थीम) पर विभिन्न कार्यक्रमों का आयोजन किया गया। उत्तर-पश्चिम रेलवे पर 1 से 8 मार्च तक अनेक कार्यक्रमों का आयोजन हुआ, जिसमें महिला रेलकर्मियों ने उत्साह से भागीदारी निभाई। उत्तर-पश्चिम रेलवे के मुख्य जनसम्पर्क अधिकारी कैप्टन शशि किरण ने बताया कि अनेक कार्यक्रमों में प्रौद्योगिकी से कार्यों को सरल बनाने के तरीके बताए गए। सप्ताह पर्यन्त निष्पादित कार्यक्रमों में डिजी लॉकर की कार्यप्रणाली और उपयोग, रस्सा-कस्सी प्रतियोगिता, बैंकिग प्रणाली और नई तकनीक तथा मोबाइल एप्लीकेशन का उपयोग, कविता पाठ और कार्ड मेकिंग, ऑन लाइन क्लेपिंग थैरेपी प्रशिक्षण, ई-बुक रीडिंग (महिला स्वतंत्रता सैनानी, सत्ता में महिलाएं, 100 भारतीय महिलाओं की विज्ञान में भागीदारी), तनावरहित जीवन के लिए योगा, खुद को गले लगाने की थीम पर फोटो लेकर सोशल मीडिया अपलोड किए गए।

समापन पर सेमिनार

गुरुवार को समापन पर सेमिनार का आयोजन किया गया। इसके मुख्य अतिथि भावना शर्मा प्रमुख वित्त सलाहकार थीं। उन्होंने कहा कि आज समाज के हर क्षेत्र में महिलाएं अग्रणी हैं। खेल, समाजिक कार्य, सरकारी और सार्वजनिक क्षेत्रों में महिलाओं की भागीदारी में उल्लेखनीय है। वहीं, प्रदीप कुमार सिंह प्रमुख मुख्य कार्मिक अधिकारी ने कहा कि वर्तमान में महिलाएं पुरुषों के साथ कंधे से कंधा मिलाकर चल रही हैं।

न्यूज़ बेधड़क

सच बेधड़क

जयपुर, शुक्रवार, 10 मार्च, 2023

10

व्यवहार इस तरह बनाएं कि न तो नज़रें झुकानी पड़ें और ना ही चुरानी पड़ें।

विनायक शर्मा, फाउंडर एंड ग्रुप एडिटर, सच बेधड़क मीडिया ग्रुप

कुदरत का कहर: फिर प्राकृतिक आपदा का तांडव

इंडोनेशिया में भूस्खलन में 32 लोगों की मौत, कई लापता

एजेंसी | जकार्ता

इंडोनेशिया के सुदूर नतुना द्वीप में हुए भीषण भूस्खलन के बाद फैले मलबे से बचावकर्मियों द्वारा और शव बरामद करने के बाद, इस प्राकृतिक आपदा में जान गंवाने वालों की संख्या बढ़कर 32 हो गई है। अधिकारियों ने गुरुवार को यह जानकारी दी।

राष्ट्रीय आपदा निवारण एजेंसी ने एक बयान में कहा कि दक्षिण चीन सागर के किनारे नतुना क्षेत्र में एक दूरस्थ द्वीप पर जेंटिंग गांव में खोज अभियान चलाया जा रहा है। वहां मूसलाधार बारिश के बाद सोमवार को हुए भूस्खलन में 30 मकान मलबे में दब गए थे। नतुना की खोज एवं बचाव एजेंसी के प्रमुख अब्दुल रहमान ने बताया कि अधिकारियों ने खोज एवं बचाव एजेंसी, पुलिस और सेना के 700 बचावकर्मियों को 24 लोगों की तलाश के लिए तैनात किया है, जो अब भी लापता हैं। इन लोगों के भूस्खलन के मलबे में दबे मकानों में फंसे होने की आशंका है। बता दें, इंडोनिशिया में कुदरत कहर बरपाती रही है।

लापता लोगों की तलाश जारी

सुहरयांतो ने कहा, 'हम लापता लोगों का पता लगाने की पूरी कोशिश कर रहे हैं।' उन्होंने बताया कि श्वान दस्ते का भी इस्तेमाल किया जा रहा है। बुधवार को जकार्ता और आसपास के द्वीपों से बचाव दल, चिकित्सा दल और तंबू, कंबल तथा भोजन सहित राहत सामग्री लेकर दो हेलिकॉप्टर और कई जहाज यहां पहुंचे। सुहरयांतो ने बताया कि सोमवार को हुए भूस्खलन में करीब 1300 लोग बेघर हो गए, जिन्होंने अस्थाई आश्रय स्थलों में पनाह ली है।

मौसम में सुधार के बाद किए शव बरामद

रहमान ने एक वीडियो बयान में कहा, 'मौसम में सुधार की वजह से हम और शव बरामद कर सके।' राष्ट्रीय आपदा निवारण एजेंसी के प्रमुख सुहरयांतो ने गुरुवार को बताया कि आठ लोगों को मलबे से जिंदा निकाला गया, जिनमें से तीन की हालत गंभीर बनी हुई है। घटनास्थल पर तेज बारिश होने के कारण बचाव अभियान प्रभावित हो रहा है।

चीन समर्थक ओली को झटका, पीएम प्रचंड को राहत

नेपाल के नए राष्ट्रपति चुने गए राम चंद्र पौडेल

एजेंसी | काठमांडू

नेपाल के राष्ट्रपति चुनाव में नेपाली कांग्रेस के प्रत्याशी राम चंद्र पौडेल को देश का नया राष्ट्रपति निर्वाचित घोषित कर दिया गया है। इसके साथ ही प्रधानमंत्री पुष्प कमल दहल 'प्रचंड' के नेपाली कांग्रेस के साथ किए गए गठबंधन को बड़ी जीत मिली है। रामचंद्र पौडेल को 33 हजार से ज्यादा वोट मिले। वहीं पूर्व प्रधानमंत्री केपी शर्मा ओली के प्रत्याशी सुभाष चंद्र नेमबांग को मात्र 15 हजार वोटों से संतोष करना पड़ा। पौडेल देश के तीसरे राष्ट्रपति बने हैं। राष्ट्रपति चुनाव के नतीजे ने प्रधानमंत्री 'प्रचंड' के नेतृत्व वाली सरकार को बड़ी राहत दी है।

फरवरी में भरे थे पर्चे

राष्ट्रपति पद के चुनाव के लिए प्रतिनिधि सभा के दो पूर्व अध्यक्ष- पौडेल और नेमबांग आमने-सामने थे। पौडेल प्रधानमंत्री प्रचंड के नेतृत्व वाले आठ-दलीय गठबंधन द्वारा समर्थित उम्मीदवार थे, जबकि नेमबांग ओली की सीपीएन-यूएमएल से सम्बद्ध हैं। पौडेल (78) और नेमबांग (69) ने पिछले महीने पर्चे भरे थे। पौडेल को राष्ट्रपति पद के चुनाव में समर्थन देने को लेकर उत्पन्न राजनीतिक विवाद के बाद पूर्व प्रधानमंत्री के.पी. शर्मा के नेतृत्व वाली सीपीएन-यूएमएल ने मौजूदा सरकार से अपना समर्थन वापस ले लिया था।

पांच वर्ष का कार्यकाल

सीपीएन-यूएमएल नेपाल की दूसरी सबसे बड़ी पार्टी है। दूसरी ओर, आठ राजनीतिक दलों के समर्थन से राष्ट्रपति चुनाव में पौडेल की जीत लगभग तय मानी जा रही थी। राष्ट्रपति के कार्यकाल की अवधि निर्वाचन की तारीख से पांच वर्ष होगी और एक व्यक्ति को इस पद पर केवल दो कार्यकाल के लिए ही चुना जा सकता है। यद्यपि राष्ट्रपति का पद काफी हद तक औपचारिक है, लेकिन संविधान प्रदत्त विवेकाधीन शक्तियों के कारण नेपाल के राजनीतिक दलों में हाल के दिनों में इस पद के लिए रुचि बढ़ी है।

अफगानिस्तान में तालिबान को वर्षों बाद बड़ा झटका

बाल्ख के गवर्नर की बम हमले में हत्या

एजेंसी | काबुल

अफगानिस्तान में सत्ता पर काबिज तालिबानी आतंकियों को सालों बाद बहुत बड़ा झटका लगा है। तालिबान के सीनियर कमांडर और बाल्ख प्रांत के गवर्नर दाऊद मुजम्मिल की बम हमला करके हत्या कर दी गई है। यह हमला मजार शहर में हुआ। हमलावर ने आतंकी कमांडर के ऑफिस में घुसकर उन्हें बम से उड़ा दिया। तालिबान ने बताया कि इस हमले कुल दो लोग मारे गए हैं।

तालिबान ने बताया कि यह हमला 9 मार्च को हुआ। बम धमाका बहुत जोरदार था जिसमें दाउद मुजम्मिल की मौत हो गई। प्रांत के पुलिस प्रवक्ता आसिफ वजीरी ने इस हमले की जानकारी दी है। उन्होंने बताया कि हत्या के कारणों का खुलासा नहीं हो सका है। अगस्त 2021 में तालिबान के सत्ता में आने के बाद दाऊद मुजम्मिल उन शीर्ष तालिबानी अधिकारियों में शामिल है जिनकी हाल के दिनों में हत्या की गई है। अभी तक किसी भी गुट ने इस हमले की जिम्मेदारी नहीं है। अफगानिस्तान में इन दिनों आईएसकेपी के आतंकी लगातार तालिबान के खिलाफ भीषण हमले कर रहे हैं। उन्होंने पिछले दिनों चीन और पाकिस्तान के दूतवासों को भी निशाना बनाया था। आईएसकेपी के इन हमलों के बाद तालिबान ने भी उसके खिलाफ कई सैन्य अभियान चलाए हैं।

नेतन्याहू के खिलाफ 'विरोध दिवस'

तेल अवीव। इजराइली सरकार के विरुद्ध गुरुवार को न्यायपालिका में परिवर्तन के एक सरकारी प्रस्ताव के खिलाफ बड़ा प्रदर्शन हुआ। इस दौरान प्रदर्शनकारियों की अमेरिकी रक्षा मंत्री के दौरे में हवाईअड्डे तक के मार्ग को अवरुद्ध करने की योजना भी है। प्रस्ताव के खिलाफ दो महीने से अधिक समय से विरोध कर रहे प्रदर्शनकारियों ने गुरुवार को "तानाशाही के विरोध का दिन" घोषित किया।

यूक्रेन पर मिसाइल अटैक, 5 मरे

एजेंसी | मॉस्को

रूस ने गुरुवार को तड़के यूक्रेन के कई शहरों में बड़े पैमाने पर मिसाइल हमले किए, जिसमें कम से कम पांच लोगों की मौत हो गई और कई अन्य घायल हुए है।

पश्चिमी ल्वीव क्षेत्र के गवर्नर मक्सिम वोजित्स्की ने बताया कि एक मिसाइल के ज्लोचेव्स्की जिले के एक आवासीय क्षेत्र में गिरने से चार लोगों की मौत हो गई। उन्होंने बताया कि बचाव कर्मी मलबे में

बचे हुए लोगों की तलाश में जुटे हैं। द्निप्रॉपेतोपवस्क के गवर्नर सेरही लिसाक ने बताया कि क्षेत्र में कई मिसाइल हमले हुए, जिसमें एक व्यक्ति की मौत हो गई और दो अन्य घायल हुए हैं। कीव के मेयर ने दो जिलों में नुकसान की जानकारी दी और खार्कीव और ओडेसा के गवर्नर ने भी आवासीय इमारतों में हमलों की जानकारी दी। उत्तरी शहर चेर्नीहीव में भी विस्फोटों की सूचना मिली है। नीपर, लुत्सक और रीवने शहर में भी ऐसे ही हमलों की खबर है। रूस पिछले साल अक्टूबर से इस तरह की मिसाइलों से यूक्रेन के शहरों को निशाना बना रहा है। इस साल 16 फरवरी को ऐसा ही एक बड़ा हमला किया गया था।

वैज्ञानिकों ने लैब में किया जिंदा

लौटा 48,500 साल पुराना जॉम्बी वायरस

एजेंसी | वॉशिंगटन

मिट्टी की परत के नीचे जमी बर्फ और मिट्टी को पर्माफ्रॉस्ट कहते हैं। आर्कटिक का गर्म तापमान क्षेत्र में मौजूद पर्माफ्रॉस्ट को पिघला रहा है। इनके पिघलने से हजारों वर्षों से सोए हुए जानलेवा वायरस के जागने का खतरा है।

ये इंसान और जानवर दोनों के लिए ही खतरा पैदा कर सकते हैं। वैज्ञानिकों ने अब एक 48 हजार 500 साल पुराना वायरस खोजा है। पर्माफ्रॉस्ट किसी टाइम कैप्सूल की तरह होते हैं, जिसमें हजारों साल पुराने जीवों के शव और वायरस बचे हुए रह सकते हैं। वैज्ञानिक मान कर चल रहे हैं कि इनमें जमे हुए वायरस फिर से जिंदा हो जाते हैं तो सार्वजनिक स्वास्थ्य के लिए जोखिम पैदा हो जाएगा।

बर्फ में सोए होते हैं ये वायरस

पर्माफ्रॉस्ट में उत्तरी गोलार्ध का पांचवां हिस्सा शामिल है। इस बर्फ में जमे वायरस का पता लगाने के लिए फ्रांस के ऐक्स-मार्सिले यूनिवर्सिटी स्कूल ऑफ मेडिसिन में जीनोमिक्स के प्रोफेसर जीन मिशेल क्लेवेरी ने साइबेरियाई पर्माफ्रॉस्ट के लिए पृथ्वी के नमूनों का सैंपल लिया है। इस तरह बर्फ में सोए हुए वायरस को वह जॉम्बी वायरस कहते हैं।

इंसान की अमीबा कोशिकाओं को करता है इनफेक्ट

गत 18 फरवरी को जर्नल वायरस में छपे अपने लेटेस्ट शोध के अनुसार क्लेवेरी और उनकी टीम ने कई वायरस को फिर जिंदा किया, जो अमीबा कोशिकाओं को इनफेक्ट कर सकते हैं। पांच नए वायरस को उन्होंने खोजा है, जिनमें से सबसे पुराना 48,500 साल पहले का है, जो मिट्टी के नीचे मिला। मिट्टी की रेडियो कार्बन डेटिंग के आधार पर इनकी उम्र का पता चला। वहीं सबसे कम उम्र का वायरस 27,000 साल पुराना है, जो एक वुली मैमथ के अवशेषों के कोट में पाए गए थे।

सृष्टिविनायक एंटरटेनमेंट मीडिया प्राइवेट लिमिटेड के लिए मुद्रक व प्रकाशक मिताली यादव द्वारा सच बेधड़क दैनिक हिन्दी अखबार, 34/16-ए, शिप्रा पथ, मानसरोवर, जयपुर-302020 (राजस्थान) से प्रकाशित एवं भास्कर प्रिंटिंग प्रेस, शिवदासपुरा, रेलवे क्रॉसिंग टोंक रोड, जयपुर (राजस्थान) से मुद्रित।
संपादक: मनोज माथुर*, **फोन नं. :** 9664014179 (ऑफिस), **ई-मेल:** news@sachbedhadak.com, **RNI No. :** RAJHIN/2021/82557 *समाचार चयन के लिए पी.आर.बी. एक्ट के तहत जिम्मेदार।

दैनिक हिन्दी अख़बार

सच बेधड़क

"सच बेधड़क" दैनिक हिन्दी अख़बार की प्रति PDF के माध्यम से मुफ़्त प्राप्त करने के लिए इस लिंक पर Click कीजिए

Telegram

https://rb.gy/3bkrnl